उज्जैन
गुरुवार
07
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-183
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



जाह्नवी कपूर और शिखर की शादी की खबरें गलत बोनी कपूर बोले- अफवाहों में सच्चाई नहीं, इस साल के अंत तक जामनगर में शादी को बताया फेक

पेज- 8

## आर्ट ऑफ लिविंग का 45वां स्थापना दिवस पीएम शामिल होंगे

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में 10 मई को आर्ट ऑफ लिविंग का 45वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। पीएम मोदी कार्यक्रम में चीफ गेस्ट होंगे। वे कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। पीएम आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय केंद्र में एक नए ध्यान मंदिर का भी उद्घाटन करेंगे।



इसके साथ ही वे मानसिक स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, प्रकृति संरक्षण से जुड़ी योजनाएं भी शुरू करेंगे। यह कार्यक्रम श्री श्री रवि शंकर के 70वें जन्मदिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय केंद्र में होगा। 182 से ज्यादा देशों से लोग इस कार्यक्रम में जुड़ेंगे। कुछ लोग ऑनलाइन भी जुड़ेंगे।

## बायो टेररिज्म- एनआईए की 3 आरोपियों के खिलाफ दाखिल

**अहमदाबाद।** देश में जैव आतंकी हमले यानी बायो टेररिज्म का खतरा बढ़ता जा रहा है। नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने आईएसआईएस से जुड़े बायो-टेरर प्लॉट में डॉक्टर समेत 3 लोगों के खिलाफ बुधवार को चार्जशीट दाखिल की है। आरोप है कि ये लोग सार्वजनिक जगहों पर जैविक टॉक्सिन के जरिए हजारों लोगों को जहर देने की साजिश कर रहे थे। चार्जशीट में हैदराबाद के डॉ. सैयद अहमद मोहीउद्दीन और यूपी के आजाद व मोहम्मद सुहेल के नाम हैं। जांच एजेंसी के मुताबिक, आरोपी अपने-अपने आईएसआईएस से जुड़े विदेशी हैंडलर्स के निर्देश पर मिलकर काम कर रहे थे। वे हैंडलर्स से प्रभावित और कट्टरपंथ की ओर धकेले गए युवाओं को भर्ती कर जिहाद के समर्थन और प्रतिबंधित हथियारों व बायोटेररिज्म के जरिए दहशत फैलाने की योजना बना रहे थे।

## टीवीके की जीत के बाद विजय ने राज्यपाल से की मुलाकात

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में दशकों से चले आ रहे द्रविड़ पार्टियों के वर्चस्व को चुनौती देते हुए अभिनेता से नेता बने विजय ने इतिहास रच दिया। उनकी पार्टी तमिलगा वेत्री कजगम (टीवीके) तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में 108 सीटें जीतकर सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है।



विजय ने चेन्नई के लोक भवन में राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से मुलाकात की और राज्य में अगली सरकार बनाने का औपचारिक दावा पेश किया। विजय ने खुद दो निर्वाचन क्षेत्रों-तिरुचिरापल्ली पूर्व और पेरम्बूर- से जीत दर्ज की है, जिससे यह साबित हो गया है कि उनकी लोकप्रियता केवल सिनेमा के पर्दे तक सीमित नहीं है।

## न्यूज चैनलों की टीआरपी पर फिर लगी रोक सरकार ने चार हफ्ते के लिए बढ़ाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने टीवी न्यूज चैनलों की टीआरपी यानी टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट्स पर लगी रोक को एक बार फिर बढ़ा दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल को निर्देश देते हुए कहा है कि न्यूज चैनलों की टीआरपी को अगले चार हफ्तों तक और जारी नहीं किया जाएगा। यह लगातार तीसरी बार है जब सरकार ने इस तरह का फैसला लिया है, जिससे न्यूज इंडस्ट्री में हलचल तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि इससे पहले 6 मार्च 2026 को सरकार ने पहली बार चार सप्ताह के लिए टीआरपी जारी करने पर रोक लगाई थी। इसके बाद 31 मार्च को इसे आगे बढ़ाते हुए एक और चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था। अब 6 मई को जारी नए आदेश के तहत इस प्रतिबंध को फिर से चार हफ्तों के लिए बढ़ा दिया गया है।

### पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना स्थित मध्यमग्राम में

# सुवेंदु के पीए की गोली मारकर हत्या

### कोलकाता से मध्यमग्राम लौटते वक्त हमला, हमलावरों ने स्कॉर्पियो रुकवाकर 10 राउंड फायरिंग की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना स्थित मध्यमग्राम में भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ (42 साल) की बुधवार रात 10.30 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के समय चंद्रनाथ कोलकाता से मध्यमग्राम स्थित अपने घर स्कॉर्पियो से लौट रहे थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह ड्राइविंग सीट के बगल में बैठे थे। उनके साथ ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति भी था। कोलकाता से करीब 20 किलोमीटर दूर डोलतला से मध्यमग्राम के बीच एक कार पीछे से आई और स्कॉर्पियो के सामने जाकर रास्ता रोक दिया।





फिर एक बाइक पर हमलावर आया और स्कॉर्पियो की बाईं तरफ से 6 से 10 राउंड फायरिंग की। चंद्रनाथ को 4 गोलियां लगीं। इनमें दो गोलियां सीने से आर-पार हो गईं। एक गोली पेट में लगी। ड्राइवर बुद्धदेब बेरा को भी गोली लगी। घटना के बाद हमलावर कार छोड़कर बाइक से फरार हो गए। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चंद्रनाथ को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ड्राइवर की हालत गंभीर है। भाजपा ने टीएमसी पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है।

### ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर बोले राजनाथ सिंह

## भारत की तरफ आंख उठाई तो सरहद पार भी नहीं छोड़ेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, बलिदान और समर्पण को सलाम किया। साथ ही साझा किए गए 59 सेकंड के वीडियो में उन्होंने आतंकवाद पर सख्त संदेश देते हुए कहा कि भारत आतंकियों और उनके आकाओं को सीमा पार भी नहीं छोड़ेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, बलिदान और समर्पण को नमन किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान सेना के जवानों ने जिस अद्वितीय सटीकता, बेहतरीन तालमेल और तीनों सेनाओं के बीच मजबूत समन्वय का प्रदर्शन किया, वह आधुनिक सैन्य अभियानों के लिए एक नया मानक बन गया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय संकल्प, तैयारी और सैन्य क्षमता का शक्तिशाली प्रतीक है। यह अभियान दिखाता है कि भारतीय सशस्त्र बल आज हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में निर्णायक कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## मथुरा में पुलिस एनकाउंटर में ढेर हुए दो बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

मथुरा के सुरीर क्षेत्र में 30 लाख की डकैती करने वाले बावरिया गिरोह के दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। दोनों आरोपी राजस्थान के रहने वाले थे और 23 अप्रैल को कारोबारी के घर हुई बड़ी वारदात में शामिल बताए गए हैं।

मथुरा के सुरीर थाना क्षेत्र के टैंटीगांव में बीती 23 अप्रैल की रात एक बड़े डकैती कांड को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाश पुलिस मुठभेड़ में मारे गए हैं। यह मुठभेड़ बृहस्पतिवार सुबह हुई, जिसमें दोनों आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मारे गए बदमाशों की पहचान राजस्थान के भरतपुर निवासी धर्मवीर उर्फ लंबू और अलवर निवासी राजेंद्र उर्फ पप्पू के रूप में हुई है। दोनों कुख्यात बावरिया गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये नकाबपोश बदमाश 23 अप्रैल की रात टैंटीगांव में व्यवसायी अजय अग्रवाल के घर में घुस गए थे।

## दिल्ली-पटना फ्लाइट टर्बुलेंस में फंसी

### पटना में आधी रात तेज बारिश, सड़क धंसी, जयपुर में सड़कों पर पानी का छिड़काव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में बुधवार को बारिश हुई। वहीं बिहार, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में ओले भी गिरे।

बिहार के पटना में बुधवार रात भारी बारिश हुई। इसी बीच इंडिगो की एक फ्लाइट टर्बुलेंस में फंस गई, जिससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हालांकि बाद में इसे लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं। उत्तर प्रदेश में तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया है। हालांकि आज 44 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। बिहार में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। गुजरात का राजकोट देश में सबसे गर्म रहा। यहां का तापमान 42.9 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं महाराष्ट्र के वाशिम में तापमान 42.6 डिग्री रहा। राजस्थान के फलोदी में सबसे ज्यादा तापमान 42.8 डिग्री दर्ज किया गया। जयपुर सहित कई जिलों में बुधवार को तेज धूप रही। जयपुर में सड़कों पर पानी का भी छिड़काव किया गया।

# भारत में पहली बार 50 हजार जवानों की अलग ड्रोन फोर्स

### बीएसएफ और आईटीबीपी में भी बनेंगी, किसी भी सैन्य हमले में सबसे पहले यही प्रहार करेंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर, रूस-यूक्रेन और अमेरिका-इजराइल-ईरान जंग के बाद भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान ने एक ड्रोन फोर्स बनाने का फैसला किया है। यह फोर्स किसी भी सैन्य कार्रवाई में फर्स्ट रेस्पोंडर (पहली जवाबी कार्रवाई) के तौर पर तैनात की जाएगी। इसे डेटा और कॉग्निटिव वारफेयर फोर्स का तकनीकी का सपोर्ट होगा।

इंटीग्रेटेड रक्षा मुख्यालय के अनुसार इस फोर्स के लिए अभी 50 हजार सैन्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अगले 3 साल में 15 नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए जाएंगे। यहां सिम्युलेटर और वर्चुअल रियलिटी के जरिए रीयल-टाइम बैटल ट्रेनिंग दी जाएगी। भविष्य में बीएसएफ और आईटीबीपी जैसे सुरक्षा बलों को भी इस नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। यह फोर्स इंटेलिजेंस, सर्विलांस और सटीक प्रहार की दोहरी भूमिका निभाएगी। इस तंत्र को वायुसेना के इंटीग्रेटेड एयर कमांड और सेना के आकाशतीर सिस्टम का कवच



मिलेगा। डिफेंस ईकोसिस्टम भी नया, तीनों सेनाएं एकऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत ने खुद को रक्षा उत्पादन में काफी मजबूत किया है। यह 1.54 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। तीनों सेनाओं की थिएटर कमान बन रही है। दुश्मन के सस्ते ड्रोन्स से निपटने के लिए अब किफायती सॉफ्ट किल (जैमिंग/स्पूफिंग) और हार्ड किल (लेजर-आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

ड्रोन फोर्स का विचार पिछले साल तब आया, जब पाकिस्तान ने 1,000 ड्रोन्स से हमला किया। उसका मकसद हमारे एयर डिफेंस गैप्स को समझना और महंगे मिसाइल डिफेंस सिस्टम को सस्ते ड्रोन्स के जरिए आर्थिक नुकसान पहुंचाना था।



## खबर एक नजर...

### गिरवी रखे आभूषण मांगने पर विवाद, एक घायल

**उज्जैन।** पटनी बाजार स्थित रत्नेश ज्वेलर्स पर भैरवगढ़ के ग्राम सिलोदा रावल निवासी सत्यनारायण पिता बद्रीलाल जाट सोने के आभूषण गिरवी रखे थे। मंगलवार शाम वह आभूषण लेने ज्वेलर्स के पास पहुंचा तो लेनदेन को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। इस दौरान ज्वेलर्स ने मारपीट की, वहीं सत्यनारायण के साथियों ने दुकान में तोड़फोड़ कर दी। मारपीट में सत्यनारायण को चोंट लगने पर खाराकुआ थाना पुलिस ने बताया कि ज्वेलर्स मनोज जैन और एक अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### वारदात की फिराक में खड़े युवक के पास मिला चाकू

**उज्जैन।** सर्कल भ्रमण के दौरान माकडोन थाना पुलिस को खबर मिली कि रूपाखेड़ी मार्ग पर केसवाल फंटा के पास एक युवक खड़ा है कि जिसके पास चाकू है। वह किसी वारदात करने की फिराक में है। भ्रमण टीम में शामिल पुलिसकर्मी तत्काल रूपाखेड़ी मार्ग पर पहुंचे। एक युवक ने पुलिस को देख बचकर निकलने का प्रयास किया, जिस पर संदेह होते ही उसे पकड़ा गया और तलाशी ली गई तो उसकी कमर में पेंट के अंदर छुपाकर रखा गया चाकू बरामद हो गया। पूछताछ करने पर युवक का नाम लाखन पिता श्यामसिंह 32 साल निवासी ग्राम नांदेड सामने आया। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत के अनुसार चाकू बरामद होने पर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। वहीं आरोपित का अपराधिक रिकार्ड भी पता किया जा रहा है।

### क्षिप्रा नदी से मिली 65 साल के वृद्ध की लाश

**उज्जैन।** रामघाट स्थित क्षिप्रा नदी से बुधवार शाम 65 साल के वृद्ध की लाश होमगार्ड/एसडीआरएफ जवानों ने सर्चिंग के बाद बाहर निकाली। वृद्ध नहाने के दौरान डूबे थे। जिनके कपड़े घाट पर पड़े मिले थे। महाकाल थाना एएसआई के. के. मालवीय ने बताया कि शाम 4 बजे के लगभग शाक्तावत की गली केड़ी गेट का रहने वाला परिवार रामघाट क्षिप्रा नदी पहुंचा था। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई थी। इस दौरान सामने परिवार ने बताया कि मोहम्मद हनीफ पिता मोहम्मद हसन 65 साल घर से सुबह निकले थे। वह अंडा गली दुकान पर काम करते थे। शाम को घर नहीं लौटे तो उनके मोबाइल पर कॉल किया गया। जो रामघाट पर रिसिव हुआ। कॉल रिसिव करने वाले ने बताया कि उक्त मोबाइल और कपड़े घाट पर पड़े है। परिवार ने मोहम्मद हनीफ के डूबने की शंका जताई। उनकी तलाश के लिये होमगार्ड और एसडीआरएफ जवानों के साथ तैराक दल के सदस्यों ने सर्चिंग शुरू की। कुछ घंटे बाद मोहम्मद हनीफ का शव क्षिप्रा नदी से निकाल लिया गया। एएसआई मालवीय के अनुसार वृद्ध की मौत नहाने के दौरान डूबने से हुई है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया गया है। गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### बाइक सवार राजस्थान के युवक की दुर्घटना में मौत

**उज्जैन।** बड़नगर मार्ग पर बुधवार रात दुर्घटना में बाइक सवार राजस्थान के युवक की मौत हो गई। उसके पास मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान की गई। मृतक युवक का शव रात में चरक अस्पताल लाया गया। इंगोरिया थाना पुलिस ने बताया कि रात में बाइक सवार युवक को ग्राम धरेरी और इंगोरिया के बीच अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस और एम्बुलेंस घटनास्थल पहुंची, उससे पहले युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक के पास मिले दस्तावेज और बाइक नम्बर के आधार पर उसकी पहचान लक्ष्मण पिता हीराराम जाट 42 साल निवासी रोडवा बाडमेर राजस्थान के रूप में हुई। दुर्घटना की सूचना परिजनों को दी गई है। शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल भेजा गया है। इंगोरिया पुलिस के अनुसार दुर्घटना का एक मामला छोटी खरसौद में हुआ। बाइक सवार को डंपर ने कुचल दिया था। बाइक सवार गंभीर घायल हुआ है। जिसे एम्बुलेंस उपचार के लिये उज्जैन लेकर रवाना हुई। बताया जा रहा है कि घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उसका नाम पता सामने नहीं आया है, लेकिन बताया जा रहा है कि सरपंच क रिश्तेदार है। जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

### रसोई गैस सिलेंडरों की किल्लत के बीच मापदंडों सख्ती से होंगे लागू

# उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ी, पति-पत्नी दोनों के नाम से एलपीजी कनेक्शन है तो एक बंद होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



रसोई गैस सिलेंडरों की किल्लत के बीच अब कुछ ऐसे मापदंडों को सख्ती से लागू किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं की मुश्किलें और भी बढ़ सकती है।

एजेंसी संचालक बताते हैं कि तीनों ऑइल कंपनियां केवाईसी की अनिवार्यता की प्रक्रिया को पूरा करवाने के साथ ही उपभोक्ताओं के बारे में कुछ ऐसी जानकारी भी जुटा रही हैं, जो कि मापदंडों के विपरीत रही तो कनेक्शन ब्लॉक होना तय है।

**निधन के बाद परिजन ने डायरी में नाम चेंज नहीं करवाया तो भी कनेक्शन ब्लॉक होगा-** यदि किसी परिवार में पति-पत्नी दोनों के नाम से गैस कनेक्शन हैं तो इनमें से एक कनेक्शन बंद किया जाएगा। ऐसे परिवार व उपभोक्ता जिनके यहां पीएनजी कनेक्शन है तो वहां भी एलपीजी का कनेक्शन ब्लॉक किया जाएगा। ऐसे परिवार जिनके मुखिया का निधन हो गया, बावजूद परिजन ने एलपीजी की डायरी में नाम चेंज नहीं करवाया है तो भी उनके यहां का कनेक्शन ब्लॉक होगा। ऐसे कनेक्शनधारी, जो सालभर में एक-दो ही? सिलेंडर ले रहे हैं, ऐसे कनेक्शन भी गैर जरूरी करार देते हुए ब्लॉक किए जाएंगे। वर्षभर में 12 सिलेंडर लेने का प्रावधान है। ऐसे कनेक्शनधारी जिन्होंने कि केवाईसी नहीं करवाया है, वे भी मुश्किल में आएंगे। इनके कनेक्शन ब्लॉक करेंगे। परिवार में अलग-अलग भाइयों के नाम से कनेक्शन है तो यह वैध माने जाएंगे। (नोट- जैसा शिप्रा गैस एजेंसी के संचालक सुनील कछवाय ने बताया।) जिले में 56 एजेंसियां और 5.50 लाख से अधिक कनेक्शन जिले में 56 गैस एजेंसियां हैं। इनसे 5.50 लाख से अधिक उपभोक्ता जुड़े हैं। ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध के चलते बाधित हुई गैस आपूर्ति का असर अब तक बना हुआ है। उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में गैस सिलेंडर प्राप्त करने में अभी भी थोड़ी बहुत मुश्किलें झेलना पड़ रही है।

यह कि किसी का बड़ा परिवार है और घर में एक सिलेंडर का ही कनेक्शन है तो ईंधन जल्द खत्म होने पर दूसरा सिलेंडर रिफिल करवाने में 25 दिन की समयावधि पूरा करना जरूरी है। बहरहाल खाद्य विभाग के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि आपूर्ति में पहले जितनी मुश्किल नहीं है। स्थिति नियंत्रण में है।

### पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक ने उज्जैन सहित 10 स्टेशनों पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया

# कुंभ के लिए देशभर से चलेंगी 7800 ट्रेनें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पांडेय बुधवार को उज्जैन पहुंचे। एक दिवसीय दौरे पर उन्होंने सिंहस्थ से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। पांडेय ने उज्जैन के आसपास तैयार हो रहे 10 रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पिछले कुंभ मेले की तुलना में इस बार तीन गुना अधिक ट्रेनें चलाई जाएंगी। कुंभ से जुड़े अधिकांश कार्य सितंबर-अक्टूबर 2027 तक पूरे होने की संभावना है, जबकि कुछ कार्य दिसंबर 2027 तक पूर्ण किए जाएंगे।

उज्जैन में सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के तहत पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पांडेय ने सांसद अनिल फिरोजिया के साथ उज्जैन रेलवे स्टेशन सहित नईखेड़ी, पिंगलेश्वर, मोहनपुरा, पवासा, चिंतामन और विक्रम नगर स्टेशन क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान प्लेटफॉर्म विस्तार, होल्डिंग एरिया, नए अंडरपास, ट्रेनों के संचालन और यात्रियों की आवाजाही व्यवस्था की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जून 2027 तक सभी कार्य गुणवत्तापूर्वक पूरे करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि सिंहस्थ में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

**पिछले सिंहस्थ में 2600 ट्रेनें थीं, इस बार 7800 चलेंगी-** रामाश्रय पांडेय ने बताया कि पिछले सिंहस्थ में करीब 2600 ट्रेनें चलाई गई थीं, जबकि इस बार लगभग 7800 ट्रेनें चलाने की योजना है। रेलवे के अनुमान के अनुसार, सिंहस्थ में आने वाले कुल श्रद्धालुओं में करीब 10 प्रतिशत लोग ट्रेन से उज्जैन पहुंचेंगे।

**दिसंबर 2027 तक तैयार होगा-** होल्डिंग एरिया पांडेय ने कहा कि रेलवे ने इस परियोजना पर 2024 से काम शुरू कर दिया था। योजना से जुड़े अधिकांश कार्य पूरे हो चुके हैं। लक्ष्य है कि मुख्य कार्य सितंबर-अक्टूबर 2027 तक पूरे कर लिए जाएं, जबकि अस्थायी होल्डिंग एरिया दिसंबर 2027 तक तैयार कर लिया जाएगा।

**सांसद ने मेमू ट्रेनों को नियमित करने की मांग उठाई-** सांसद अनिल फिरोजिया ने इंदौर-फतेहाबाद-उज्जैन-देवास रूट पर मेमू ट्रेनों को नियमित करने का प्रस्ताव रखा। साथ ही इंदौर, फतेहाबाद, बड़नगर, रतलाम, नागदा और उज्जैन मार्ग पर नई मेमू सेवाएं शुरू करने की मांग की। उन्होंने नागदा-कोटा मेमू ट्रेन को उज्जैन तक नियमित रूप से चलाने का मुद्दा भी उठाया। इससे विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों और किसानों को राहत मिलने की संभावना जताई गई।

# 700 खालसों के अध्यक्ष सहित संत कुंभ के कार्य देखेंगे

## वैष्णव संप्रदाय के शीर्ष संत का अहम दौरा आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन में आयोजित होने वाले आगामी सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों का निरीक्षण करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर चर्चा के लिए वैष्णव संप्रदाय के शीर्ष संत गुरुवार दोपहर 2 बजे उज्जैन आएंगे। अखिल भारतीय खालसा परिषद के अध्यक्ष तथा रामानंद संप्रदाय के अग्रणी संत, टीला द्वारा गाद्याचार्य मंगल पीठाधीश्वर यज्ञ सम्राट श्री स्वामी माधवाचार्य डाकोर के नेतृत्व में संतों का बड़ा प्रतिनिधिमंडल शहर पहुंचेगा। वैष्णव संप्रदाय के तीन अणी अखाड़ों के अंतर्गत आने वाले 700 खालसों के अध्यक्ष स्वामी माधवाचार्य जी अन्य संतों के साथ कुंभ कार्यों को लेकर अधिकारियों से चर्चा करेंगे। सिंहस्थ के दृष्टिकोण से संतों का यह दौरा अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पवासा स्थित श्री हजारी हनुमान मंदिर के महंत काशीदास महाराज ने बताया कि उज्जैन पहुंचने के बाद सभी संत सबसे पहले भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन करेंगे। इसके बाद संत मंडल सिंहस्थ क्षेत्र का भ्रमण कर वहां चल रहे निर्माण और विकास कार्यों का जायजा लेगा। प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर, मेला अधिकारी और अन्य प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कुंभ मेले की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा करेगा। इस महत्वपूर्ण दौरे में देश के विभिन्न स्थानों से कई वरिष्ठ संत और महामंडलेश्वर शामिल होंगे।

# उज्जैन में श्री सिंथेटिक्स के रिटायर्ड कर्मचारियों का धरना

## पेंशन बढ़ाने की मांग पर राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन, बकाया राशि के जल्द भुगतान की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




उज्जैन में श्री सिंथेटिक्स के पूर्व कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर टॉवर चौक पर धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने न्यूनतम ?7500 पेंशन, महंगाई भत्ता (डीए) और चिकित्सा सुविधाओं की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

यह प्रदर्शन श्री सिंथेटिक्स के कर्मचारियों और असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के बैनर तले आयोजित किया गया। हाल ही में हुए इस प्रदर्शन में कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया।

पेंशन राशि बढ़ाने की मांग

ज्ञापन में बताया गया कि निजी उद्योगों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वर्तमान में मात्र ?1000 प्रति माह पेंशन मिल रही है, जो आज के समय में अपर्याप्त है। कर्मचारियों ने मांग की है कि पेंशन राशि को बढ़ाकर न्यूनतम ?7500 किया जाए और इसके साथ डीए तथा चिकित्सा सुविधाएं भी प्रदान की जाएं।

कर्मचारियों के अनुसार, वे पिछले 11 वर्षों से इन मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। रिटायर्ड मेजर अशोक रावत के नेतृत्व में दिल्ली में भी लगातार आंदोलन जारी है। उज्जैन में यह धरना उसी राष्ट्रव्यापी आंदोलन का एक हिस्सा था।

राष्ट्रपति और पीएम से सीएम को निर्देश देने का आग्रह

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि श्री सिंथेटिक्स उद्योग को बंद हुए 21 वर्ष हो चुके हैं। इसके बावजूद, कर्मचारियों के 19 माह का वेतन, ग्रेच्युटी, बोनस और भविष्य निधि (पीएफ) की राशि अभी तक बकाया है। कर्मचारियों ने सरकार से इन सभी लंबित देयों का शीघ्र भुगतान कराने की भी मांग की है।

उज्जैन
गुरुवार
07
मई, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

नास्ति विद्यासमो बन्धुर्नास्ति विद्यासमः सुहृत्।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम्।।

**अर्थः** विद्या जैसा कोई मित्र नहीं है, विद्या जैसा कोई मित्र नहीं है और विद्या के समान कोई धन या सुख नहीं है।

## खबर एक नजर...

### सन सिटी कॉलोनी के नाम पर लाखों की ठगी

**इंदौर।** विजयनगर पुलिस ने निजी कंपनी के नाम पर कॉलोनी विकसित करने का झांसा देकर महिला से लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। मामले में पुलिस ने कंपनी संचालक और उसकी सहयोगी को आरोपी बनाया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक बजरंग नगर कांकड़ निवासी ममता मिश्रा की शिकायत पर अखिलेश यादव और रिया पटेल उर्फ भगवती किराडे के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बताया गया है कि अखिलेश यादव रिलाय एग्रो इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्म का डायरेक्टर है, जिसका ऑफिस विजयनगर स्थित अपोलो प्रीमियम में संचालित होता है। रिया पटेल भी इसी कंपनी से जुड़ी हुई है। ममता मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनकी मुलाकात ब्रोकर इंद्रपाल के जरिए अखिलेश यादव से हुई थी। आरोपियों ने देवास नाका क्षेत्र में सन सिटी नाम से कॉलोनी विकसित होने की बात कही और वहां प्लॉट बेचने का प्रस्ताव दिया। शिकायत के मुताबिक 13 अक्टूबर 2024 को उन्हें 1235 साइज का प्लॉट दिखाया गया, जिसकी कीमत 10 लाख 50 हजार रुपए तय हुई। सौदे के तहत महिला ने 3 लाख 70 हजार रुपए जमा भी कर दिए। महिला का आरोप है कि बाद में जानकारी मिली कि संबंधित कॉलोनी किसी भी स्तर पर विकसित ही नहीं हुई है। न वहां प्लॉट का विकास हुआ और न ही किसी खरीदार की रजिस्ट्री की गई। ममता मिश्रा ने पुलिस को यह भी बताया कि जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों ने प्लॉट के नाम पर कई अन्य लोगों से भी धोखाधड़ी की है। मामले में रूचिता पटेल नाम की एक अन्य पीड़िता भी सामने आई है। आरोपियों के खिलाफ पहले जनसुनवाई में भी शिकायत की जा चुकी है।

### निगम कमिश्नर बोले - सफाई का सहयोग भी जरूरी

**इंदौर।** स्वच्छ सर्वेक्षण के पहले इंदौर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की कवायद की जा रही है। नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल रोजाना अलग-अलग वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था की मैदानी हकीकत देख रहे हैं, जहां जरूरत है वहां एक्शन भी ले रहे हैं, ताकि सफाई व्यवस्था चाक चौबंद हो सके। इसके साथ ही अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने के लिए कह रहे है। बता दें कि नगर निगम कमिश्नर अधिकारियों के साथ शहर की व्यवस्था को चेक करने के लिए रोजाना मैदान में उतर रहे हैं। अलग-अलग वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था को चेक कर रहे हैं। इसमें जहां खामी नजर आती है, वहां संबंधित कर्मचारी या अधिकारी को फटकार भी लगाई जा रही है और उन पर एक्शन भी लिया जा रहा है।

### इंदौर में कॉलेज का दोस्त कर रहा था परेशान

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक युवती ने पुराने परिचित युवक पर पीछा करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 24 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि वह छिंदवाड़ा के पीजी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान हेमंत पुत्र भोजराम वर्मा निवासी टेलीपरफॉर्मेंस के पीछे, लसूड़िया को जानती थी। करीब डेढ़ साल पहले वह इंदौर आ गई थी, जिसके बाद दोनों के बीच कोई संपर्क नहीं रहा। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से आरोपी लगातार फोन कर उसे परेशान कर रहा था और मिलने का दबाव बना रहा था। युवती ने उसे ब्लॉक भी कर दिया था। आरोप है कि 5 मई की शाम करीब 6:30 बजे जब युवती अपने ऑफिस से एक दोस्त के साथ घर लौट रही थी, तभी आरोपी उसका पीछा करते हुए पेट्रोल पंप वाली गली तक पहुंच गया। वहां उसने युवती को रोककर जबरन बात करने का दबाव बनाया।


### भोजशाला केस में जैन पक्ष की एंट्री, अंबिका मंदिर होने की दलील

# एएसआई रिपोर्ट के चिह्नों को बताया जैन परंपरा से जुड़ा

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

भोजशाला मामले में हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका के साथ जुड़ी एक अन्य याचिका पर सुनवाई के दौरान जैन पक्ष ने अपने दावे हाईकोर्ट के समक्ष विस्तार से प्रस्तुत किए। सलेकचंद जैन की ओर से एडवोकेट दिनेश राजभर ने दलील देते हुए भोजशाला को प्राचीन जैन गुरुकुल और देवी अंबिका का मंदिर बताया।

जैन पक्ष की ओर से कहा गया कि वर्तमान भोजशाला परिसर प्राचीन काल में जैन गुरुकुल और देवी अंबिका का मंदिर था, जिसे बाद में मुस्लिम शासकों द्वारा नष्ट कर दिया गया। एडवोकेट ने यह भी कहा कि जिस मूर्ति को हिंदू समाज वागदेवी के रूप में मानता है, वह वास्तव में जैन देवी अंबिका की प्रतिमा है। एडवोकेट राजभर ने तर्क दिया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई)



की रिपोर्ट में जिन चिह्नों और प्रतीकों का उल्लेख है, वे जैन तीर्थंकरों से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में 24 तीर्थंकरों की पूजा होती है और प्रत्येक के साथ विशिष्ट प्रतीक जुड़े होते हैं।

जैन पक्ष ने अरकके वर्ष 2003 के उस आदेश को भी चुनौती दी, जिसमें हिंदुओं को मंगलवार और मुस्लिमों को शुक्रवार को पूजा/नमाज की अनुमति दी गई थी।

#### ब्रिटिश म्यूजियम में रखी प्रतिमा का किया उल्लेख

सुनवाई के दौरान यह भी कहा गया कि वर्ष 1034 में राजा भोज द्वारा स्थापित जैन देवी अंबिका की प्रतिमा 1875 में ब्रिटिश शासन के दौरान प्राप्त हुई थी, जो वर्तमान में लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम में संरक्षित है। याचिकाकर्ता ने उस प्रतिमा को भारत लाकर भोजशाला में स्थापित करने की मांग की।

#### ऐतिहासिक दस्तावेजों और शोध का हवाला

जैन पक्ष ने 1881-82 की सरकारी रिपोर्ट सहित विभिन्न ऐतिहासिक दस्तावेजों और विद्वानों के शोध का हवाला देते हुए दावा किया कि वर्तमान संरचना में जैन वास्तुकला, स्तंभ और क्षेत्रपाल (भैरव) की आकृतियां मौजूद हैं।

#### महाधिवक्ता ने याचिका को बताया ग्राह्य

मध्य प्रदेश सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट को बताया कि अनुच्छेद 226 के तहत हाई कोर्ट को व्यापक अधिकार प्राप्त हैं। उन्होंने कहा कि राइट टू वर्शिप (पूजा का अधिकार) के आधार पर यह याचिका सुनवाई योग्य (मेंटेनेबल) है।

#### एएसआई रिपोर्ट का भी दिया गया हवाला

महाधिवक्ता ने एएसआई की सर्वे रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि खुदाई में मिले शिलालेख और अन्य साक्ष्य यह संकेत देते हैं कि यहां पहले मंदिर था, जिसे बाद में परिवर्तित किया गया।


### पलासिया चौराहे पर दो कारों की भीषण टक्कर

# एक युवक घायल, कार से मिला नशे का सामान, पुलिस ने जब्त की कार

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

पलासिया चौराहा पर बुधवार देर रात दो कारों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त कारों को जब्त कर लिया है। शुरूआती जांच में एक कार से नशे में इस्तेमाल होने वाला सामान भी मिला है।

एसीपी खजराना कुंदन मंडलोई ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब व्हाइट चर्च चौराहे की ओर से आ रही एक कार को रीगल की तरफ जा रही दूसरी कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि एक कार सड़क पर



घूम गई। सूचना मिलते ही बीट पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में महेश्वर निवासी विनायक और उसका साथी घायल हुए हैं। विनायक को उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के मुताबिक एक कार की तलाशी के दौरान गोगो पेपर सहित नशे में उपयोग होने वाला अन्य सामान मिला है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि टक्कर मारने वाली कार में सवार युवक नशे की हालत में थे। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

**राऊ में तेज रफ्तार कार पलटी, मकान में घुसी-** राऊ इलाके में बुधवार रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार सड़क किनारे स्थित एक मकान के सामने के हिस्से में जा घुसी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि कार मकान के बाहर ही रुक गई, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में कार चला रहे युवक को मामूली चोट आई है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद युवक कार छोड़कर मौके से चला गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को सीधा कर थाने पहुंचाया और वाहन जब्त कर लिया है।

### कार के ऊपर कर रहे थे स्टंट

# पुलिस ने की कार्रवाई, पकड़ में आने के बाद माफी मांगी

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

भंवरकुआं पुलिस ने बुधवार को वायरल वीडियो के आधार पर कारवाई करते हुए एक युवक को पकड़ा है। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर कार से स्टंट कर रहा था।

टीआई संतोष दूधी के मुताबिक बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो वायरल होते देखा। वीडियो में कार नंबर टढ13ेळ7596 का ड्रायवर और उसका दोस्त भंवरकुआं क्षेत्र में कार से स्टंट करते हुए लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था।

इससे आम लोगों के जीवन के लिए घातक स्थिति निर्मित की जा रही थी। भवरकुआं पुलिस ने इस मामले में कारवाई की है। जिसमें कार मालिक प्रतीक पुत्र मनोज निहाले निवासी भोलाराम इंदौर व अन्य साथियों को पकड़ा है। विजयनगर पुलिस ने एक दीपक काले निवासी पुष्प विहार एक्सटेंशन की शिकायत पर चोरी के मामले में एफआईआर की थी। इस मामले में उनके पूर्व कर्मचारी संजय पुत्र राधेश्याम बड़ोदिया निवासी शांति नगर को पकड़ा है। आरोपी के पास से 1 लाखा 77 हजार रुपए जब्त किए गए। नौकरी से निकाले जाने से नाराज होकर संजय ने इस तरह की वारदात को अंजाम दिया था।

### कपिल सिब्बल ने स्पष्ट की कंपनी की नई नीति, इंस्टाग्राम की एन्क्रिप्शन नीति पर मेटा बोला

# केवल शासन को देंगे जानकारी, निजता सुरक्षित

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा प्रबंधन ने बुधवार को हाई कोर्ट में कहा कि उसके द्वारा एंड-टू-एंड एंक्रिप्टेड मैसेजिंग सेवा जारी रखी गई है। उसने पॉलिसी में परिवर्तन जरूर किया है लेकिन सिर्फ इतना कि अगर शासन किसी मामले में उससे जानकारी मांगेगी तो वह शासन को जानकारी उपलब्ध कराएगी। किसी तीसरे व्यक्ति को किसी तरह की जानकारी नहीं दी जाएगी।

मेटा ने यह मौखिक जानकारी बुधवार को उस जनहित याचिका में दी जिसमें इंस्टाग्राम की एंड-टू-एंड एंक्रिप्टेड मैसेजिंग सेवा समाप्त होने की




सूचना को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने मेटा को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में लिखित जवाब मांगा है।

इंस्टाग्राम द्वारा अपने प्लेटफॉर्म से एंड-टू-एंड एंक्रिप्टेड मैसेजिंग सेवा आठ मई से समाप्त करने की सूचना जारी की गई है। इसे चुनौती देते हुए अभिभाषक पार्थ शर्मा ने जनहित याचिका प्रस्तुत की है। इसमें आरोप है कि कंपनी की इस पालिसी से निजता का हनन होगा। आशंका है कि इस साइट का उपयोग करने वालों के डेटा को इस प्लेटफार्म की मालिक कंपनी मेटा सहित अन्य भी देख सकेंगे। यह संविधान द्वारा नागरिकों को दिए गए निजता के अधिकार का हनन होगा।

**कपिल सिब्बल ने स्पष्ट की कंपनी की नई नीति-** बुधवार को मेटा की ओर से वरिष्ठ अभिभाषक कपिल सिब्बल वीसी से उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों के बाद वे उपस्थित हुए हैं। उन्होंने मेटा की इंस्टाग्राम को लेकर बनाई गई नई नीति को स्पष्ट करते हुए बताया कि कंपनी कानून के दायरे में रहकर काम कर रही है। तय किया गया है कि गैरकानूनी गतिविधि होने, आपराधिक मामले इत्यादि रोकने के लिए शासन द्वारा जानकारी मांगने पर कंपनी शासन को डेटा उपलब्ध कराएगी। यह जानकारी किसी अन्य को उपलब्ध नहीं होगी।

**डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड में नियुक्ति न होने का मुद्दा-** सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील जैन ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम के तहत बनाए गए डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड ऑफ इंडिया (डीपीबीआइ) के समक्ष शिकायत प्रस्तुत कर सकते हैं, लेकिन वर्तमान में इस बोर्ड में कोई नियुक्ति ही नहीं हुई है। इसी कारण मामले को सीधे न्यायालय के समक्ष लाना पड़ा। कोर्ट ने अब इस पूरे प्रकरण में मेटा से विस्तृत लिखित जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

## खबर एक नजर...

### वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत से मिला मीणा समाज, दिया उज्जैन आने का निमंत्रण

उज्जैन। मध्य प्रदेश वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत के पदभार ग्रहण करने पर मीणा समाज के पदाधिकारियों ने भोपाल पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उज्जैन मीणा समाज की कार्यकारिणी द्वारा उन्हें भगवान श्री महाकालेश्वर का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

मीणा समाज सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष योगेश मीणा घोटू भैया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में अध्यक्ष रामनिवास रावत से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सतनारायण मीणा, मीणा समाज के प्रदेश संयोजक मानसिंह रावत, युवा अध्यक्ष आशुतोष मीणा, इंदौर जिलाध्यक्ष सुभाष मीणा, मीडिया प्रभारी अजय बारवाल, कमल मीणा, पंकज चांदा, संजय मीणा चक और इंदौर महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती ज्योति मीणा विशेष रूप से उपस्थित थीं। इस मुलाकात के दौरान उज्जैन मीणा समाज की ओर से अध्यक्ष रावत को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही जिलाध्यक्ष योगेश मीणा ने उन्हें बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन आने का निमंत्रण भी दिया।

### पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर श्री सिंथेटिक्स कर्मचारियों का धरना

उज्जैन। श्री सिंथेटिक्स के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर टॉवर चौक पर धरना दिया। लंबे समय से अपने हक के लिए संघर्षरत इन कर्मचारियों ने अपनी मांगों की अनदेखी पर आक्रोश व्यक्त किया।

श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस के संयोजक और असंगठित कामगार प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष प्रकाश सोलंकी ने बताया कि सरकार से पेंशन बढ़ाने और बकाया राशि के भुगतान की मांग को लेकर यह धरना आयोजित किया गया है। धरने को विशेष अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने संबोधित किया।

सरकार को चाहिए कि वह इनकी पेंशन बढ़ाए और बकाया वेतन का शीघ्र भुगतान करे। इस धरना प्रदर्शन में रंजीत बोडाना, कैलाश धवन, शीतल प्रसाद राठौर, शिवाजी राव शिंदे, रामचंद्र चौधरी, मालती सिंह, प्रेम बाई राठौर और निशा पंवार सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### मंगलनाथ मंदिर के सामने की जर्जर सड़क बनी परेशानी का कारण

# गड्ढों में भरा पानी, कीचड़ और उखड़ी सड़क से श्रद्धालु व वाहन चालक परेशान, प्रतिदिन श्रद्धालु मंदिर दर्शन के लिए पहुंचते हैं



ब्रह्मास्त्र ▶▶ उज्जैन

शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल मंगलनाथ मंदिर के सामने की सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। जगह-जगह गड्ढे पड़ जाने और सड़क के उखड़ जाने से मार्ग पूरी तरह उबड़-खाबड़ हो गया है, जिससे यहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रतिदिन बड़ी संख्या में बाहर के श्रद्धालु मंगलनाथ मंदिर दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसके साथ ही इस मार्ग से काल भैरव, सिद्धवट और अंगारेश्वर महादेव जैसे अन्य प्रमुख मंदिरों तक भी लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में यह सड़क क्षेत्र की प्रमुख संपर्क मार्ग होने के बावजूद अपनी खराब हालत के कारण लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गई है।

सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और अधिक खराब हो गई है। कीचड़ फैलने के कारण पैदल चलने वालों को फिसलने का खतरा बना रहता है, वहीं दोपहिया वाहन चालकों को संतुलन बनाए रखने में दिक्कत होती है। कई स्थानों पर सड़क की गिट्टी उखड़कर बाहर आ गई है, जो राहगीरों के लिए चोटिल होने का कारण बन रही है। वर्ष 2016 के सिंहस्थ महापर्व के दौरान मंदिर परिसर के साथ ही इस सड़क का भी निर्माण किया गया था, लेकिन समय के साथ रखरखाव के अभाव में इसकी हालत लगातार खराब होती गई। वर्तमान में स्थिति यह है कि थोड़ी सी बारिश के बाद ही सड़क पर जलभराव और कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

### साइड इंजीनियर स्थल पर खड़े रहकर करें मॉनिटरिंग- निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा

सिंहस्थ महापर्व 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर में सुगम आवागमन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग चौड़ीकरण कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार राज्य शासन से प्राप्त स्वीकृति के तहत यह कार्य प्रारंभ हुआ है। इसी क्रम में बुधवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने कंठाल चौराहे से निजातपुरा तक चल रहे चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में सीआरएम एवं नाली निर्माण का कार्य प्रगति पर है। आयुक्त ने कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि साइड इंजीनियर स्वयं स्थल पर उपस्थित रहकर नाली एवं चौड़ीकरण कार्यों की निगरानी करें, ताकि गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। साथ ही उन्होंने निर्माण के दौरान हो रही लाइन लीकेज को हैंडकैप लगाकर तुरंत सुधारने और नाली निर्माण के दौरान जमा पानी को डिवाटरिंग के माध्यम से हटाने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री पवन कुमार सिंह, कार्यपालन यंत्री श्री हिमांशु तिवारी एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित

## वेस्ट से बेस्ट बनाना ही सच्ची कला है: नागौरी

### जज्बा के निःशुल्क समर कैंप में बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को निखारा जा रहा



ब्रह्मास्त्र ▶▶ उज्जैन

जज्बा संस्था द्वारा सब्जी मंडी स्थित जामिया इस्लामिया स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हारून नागौरी ने कहा कि अनुपयोगी वस्तुओं से यानी वेस्ट से बेस्ट बनाना ही सच्ची कला है। इस शिविर में बच्चों को घर और आसपास की बेकार पड़ी या उपयोग की जा चुकी वस्तुओं से नई और आकर्षक सामग्रियां बनाना सिखाया जा रहा है।

वेस्ट से बेस्ट के मास्टर ट्रेनर और प्रसिद्ध दिवंगत कलाकार गफूर साहब के पोते आमिर कुरैशी ने बताया कि इस कला के माध्यम से हम अपने घर को एक नया स्वरूप दे सकते हैं। साथ ही इसके जरिए कचरे की मात्रा को भी न्यूनतम किया जा सकता है। वसीम अब्बास और भुरू शेख ने बताया कि इस निःशुल्क कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को संवारने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

सादिक खान और इंसाफ कुरैशी ने बताया कि मास्टर ट्रेनर आमिर कुरैशी के मार्गदर्शन में प्रतिदिन आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में नईम खान, जहीर शेख, शाइस्ता परवीन, शाहिना, इरशाद नागौरी, अतहर आलम अंसारी, फरीद कुरैशी, जुल फैज जाफरी और बंटी फैज मोहम्मद विशेष रूप से उपस्थित रहते हैं।

#### रजिस्ट्री में बच्चों के हस्ताक्षर या स्वीकृति नहीं ली गई थी

## सड़क चौड़ीकरण अटकाने की साजिश: अवैध निर्माण कर मुआवजे की अनुचित मांग

### कंठाल चौराहे पर बैंक के पुराने ओपन पोर्च में तान दी दुकान, प्रॉपर्टी का टाइटल भी स्पष्ट नहीं

ब्रह्मास्त्र ▶▶ उज्जैन

शहर में चल रहे विकास और सड़क चौड़ीकरण कार्यों को बाधित करने का एक मामला सामने आया है। कंठाल चौराहा स्थित मकान नंबर 101 पर साइड बैंक की जगह पर अवैध रूप से दुकान का निर्माण कर लिया गया है। अब प्रशासन से अनुचित मुआवजे की मांग कर चौड़ीकरण की प्रक्रिया में देरी करने का प्रयास किया जा रहा है।

निगम रिकॉर्ड में दर्ज है ओपन पोर्च

नगर निगम के रिकॉर्ड और पब्लिक डोमेन की जानकारी के अनुसार इस प्रॉपर्टी में वर्ष 1957 से 1997 तक बैंक ऑफ बड़ौदा किराये पर संचालित था। जिस स्थान पर वर्तमान में दुकान बना ली गई है वह दरअसल बैंक का मेन गेट और ओपन पोर्च था। वर्ष 1980 के मास्टर प्लान के तहत भी इस लाइन में साइड बैक छोड़ा गया था। इसके बावजूद यहां पक्का निर्माण कर लिया गया। इस संपत्ति की खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया भी विवादित है। वर्ष 2000 में मनीष गुप्ता के पिता विठ्ठलदास जी ने सोहन और मोहन लाल मेड़ेवाले से यह प्रॉपर्टी खरीदी थी। बताया जा रहा है कि यह मूल संपत्ति केदारमल की थी जिसे बेचने का अधिकार सोहन और मोहन को नहीं था। रजिस्ट्री में बच्चों के हस्ताक्षर या स्वीकृति नहीं ली गई थी। इस कारण यह रजिस्ट्री वैधानिक रूप से अवैध मानी जा रही है। मामले में नगर पालिक निगम उज्जैन का नगर निवेश विभाग मनीष गुप्ता को बिना स्वीकृति अवैध निर्माण करने पर नोटिस जारी कर चुका है। निगम ने नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 307 और 436 के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण स्वयं हटाने के निर्देश दिए थे।

#### रहवासियों ने भी की थी शिकायत

इस अवैध निर्माण से आसपास के रहवासियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कंठाल चौराहे के निवासियों और पड़ोसी अरविंद मेदावाला ने निगमायुक्त से इसकी लिखित शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया था कि बिना नक्शा पास कराए ओपन पोर्च में दुकान बना ली गई है और नाली के ऊपर पक्का प्लेटफॉर्म तान दिया गया है जिससे क्षेत्र में पार्किंग और साफ-सफाई की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।

## लायंस क्लब के पांच दिवसीय शिविर का समापन: 70 दिव्यांगजनों को लगे कृत्रिम अंग

### महावीर सेवा सदन कोलकाता की टीम ने शिविर स्थल पर ही तैयार किए अंग, कई जिलों से पहुंचे लाभार्थी

ब्रह्मास्त्र ▶▶ उज्जैन

लायंस क्लब उज्जयिनी और अभय सेठिया परिवार द्वारा माता-पिता की स्मृति में आयोजित पांच दिवसीय दिव्यांग जन सेवा शिविर का 5 मई को सफलतापूर्वक समापन हो गया। भीषण गर्मी के बावजूद इस शिविर में 135 लोगों को चिन्हित कर 70 दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ और पैर लगाए गए।

इस शिविर में उज्जैन के अलावा छिंदवाड़ा, विदिशा, रतलाम, आगर मालवा और देवास जिले से आए दिव्यांगजन लाभान्वित हुए। सेवा प्रदाता श्री महावीर सेवा सदन कोलकाता से आए डॉ. एस.एस. प्रभाकर और उनकी विशेषज्ञ टीम ने मरीजों का परीक्षण कर सटीक माप लिया। इसके बाद शिविर स्थल पर ही कृत्रिम अंग तैयार कर मरीजों को फिट किए गए। एक मरीज की इस पूरी प्रक्रिया में लगभग पांच घंटे का समय लगा। इस दौरान दिव्यांगजनों और उनके परिजनों के लिए निःशुल्क चाय-नाश्ता व दोनों समय के भोजन की व्यवस्था सेठिया परिवार द्वारा की गई थी।



समापन अवसर पर इंदौर जायंट्स क्लब के चमनलाल डागा व अनूप अग्रवाल सहित लायंस क्लब उज्जयिनी के पदाधिकारी, रीजन चेयरपर्सन, जोन चेयरपर्सन और सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने शिविर का अवलोकन कर लाभार्थियों से चर्चा की। समारोह में लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट उज्जैन के नवनिर्वाचित वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर वर्ष 2026-27 लायन संजय सक्सेना और रीजन चेयरपर्सन सत्येन्द्र श्रीवास्तव ने क्लब के सेवा कार्यों की सराहना की। पीडीजी आर.जी. पाठक ने कहा कि लायंस क्लब उज्जयिनी जनोपयोगी सेवाओं के लिए सदैव अग्रणी रहा है और भविष्य में भी ऐसे पुनीत कार्य जारी रहेंगे।

शिविर के सफल आयोजन के लिए वरिष्ठ सदस्य लायन अभय कुमार सेठिया, अभिषेक सेठिया, सेठिया परिवार, चमनलाल डागा, अनूप अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल सहित चिकित्सक टीम और सहयोगी सदस्यों का सम्मान किया गया।

अंत में सचिव अरविंद गुमास्ते ने श्री महावीर सेवा सदन कोलकाता, इंदौर जायंट्स, जैन सोशल ग्रुप, सेठिया परिवार और सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सहित सभी सहयोगियों का आभार माना। कार्यक्रम का समापन अभय सेठिया के सौजन्य से आयोजित भोजन प्रसादी के साथ हुआ।

## खबर एक नजर...

### बरगी डैम हादसे पर आक्रोशः युवक कांग्रेस ने फूंका पर्यटन मंत्री का पुतला

**उज्जैन।** जबलपुर के बरगी डैम में हुए हादसे को लेकर युवक कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। जिला युवक कांग्रेस सचिव रवि यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने प्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया।

पुतला दहन के दौरान ओम भारद्वाज, जितेंद्र नाना तिलकर, नरेंद्र मालवीय, जावेद पटेल, कुलदीप सिंह जाट, पुरुषोत्तम कहार, दीपक खंडेलवाल, रेणुका गांधी, अंकित यादव विशु, प्रीतेश शर्मा, शैलेंद्र सिंह डोडिया, शेर सिंह चौहान, राज उदयवाल, यशवंत चौहान, राहुल अखंड, दिनेश सूर्यवंशी, तरुण परिहार, देव कपूर, लवेश परमार, सारिक मस्तान, विनय मंडलोई और विजय केवड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कचरे ने खुद बताया अपना पता, निगम ने घर पहुंचकर किया चालान

**उज्जैन।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के तहत नगर निगम द्वारा शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा लगातार निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

इसी क्रम में बुधवार सुबह निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 43 में कचरे का ढेर पाए जाने पर आयुक्त ने तत्काल जांच के निर्देश दिए। सफाई मित्रों द्वारा कचरे की जांच करने पर उसमें से मिले दस्तावेजों और अस्पताल संबंधी सामग्री के आधार पर पता चला कि अधिकांश कचरा लक्ष्मीनगर स्थित एक कोरियर कंपनी संचालक द्वारा फेंका गया था।

इस पर स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौर एवं स्वास्थ्य निरीक्षक ईदरिश खान ने संबंधित संचालक पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही मौके पर दलेल लगाकर सफाई कार्य भी करवाया गया। इसके अलावा खुले में कचरा फेंकने वाले अन्य नागरिकों पर भी 500 रुपये का जुर्माना किया गया।

### परे जीएम पांडे बोले सिंहस्थ के काम जून 27 तक पूरे होंगे,देखी तैयारी

**उज्जैन।** पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) रामाश्रय पांडे बुधवार को उज्जैन रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। उन्होंने स्टेशन पर एक घंटे से अधिक समय तैयारियों को देखा। उसके उपरांत वे आसपास के स्टेशन देखने निकले। अपरांह में उन्होंने मिडिया से चर्चा में कहा कि जून 27 तक सिंहस्थ के सभी काम पूर्ण कर लिए जाएंगे। होल्डिंग एरिया के काम दिसंबर 27 तक पूर्ण होंगे सिंहस्थ में शार्ट डिस्टेंस टाईप की लोकल ट्रेनें लगातार चलेंगी। अपरांह में मिडिया से चर्चा के दौरान उनके साथ सांसद अनिल फिरोजिया भी थे उन्होंने कहा कि बुधवार को नवनियुक्त महाप्रबंधक ने निरीक्षण किया है। पंवासा,हासामपुरा आदि क्षेत्र में निरीक्षण किया गया है। जीएम ने कुछ मामलों में सुझाव दिया है। महाप्रबंधक श्री पांडे तय प्रोग्राम से हटकर मंगलवार रात ही स्पेशल सलून से उज्जैन पहुंच गए थे। पहले वह बुधवार सुबह आने वाले थे।

### स्वच्छता अभियान में महापौर का निरीक्षण, वार्डों में सफाई पर सख्ती

# चार वार्डों में चला विशेष अभियान, बंगाली कॉलोनी में दो दिन में सुधार के निर्देश, सफाई मित्रों का सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में स्वच्छता में शक्ति, उज्जैन की भक्ति विशेष सफाई अभियान के तहत बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल ने सुबह 7 से 9 बजे तक विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य, पीएचई, उद्यान, प्रकाश व्यवस्था और आईईसी टीम ने मिलकर सफाई, उद्यानों की देखरेख, पानी के लीकेज सुधार और गंदे पानी की शिकायतों का निराकरण किया।

अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 28 (दूध तलाई, दौलतगंज, घी मंडी), वार्ड 46 (बंगाली कॉलोनी) और वार्ड 39 (किशनपुरा बालाजी मंदिर क्षेत्र) में विशेष सफाई की गई। दूध तलाई में फूल मंडी के व्यापारियों द्वारा सड़क पर फूल फेंकने पर नाराजगी जताते हुए निर्माल्य वाहन से कचरा संग्रहण के निर्देश दिए गए, बंगाली कॉलोनी में गंदगी और अतिक्रमण मिलने पर तत्काल हटाने के निर्देश देते हुए दो दिन का विशेष अभियान चलाने और पुनः निरीक्षण की चेतावनी दी गई। सुधार नहीं होने पर संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात कही गई। किशनपुरा बालाजी मंदिर परिसर में महापौर ने स्वयं पोछा लगाकर सफाई का संदेश दिया और सफाई मित्रों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य सत्यनारायण चौहान, एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, जोनल अधिकारी जितेंद्र श्रीवास्तव, जितेंद्र पाल सिंह जादौन एवं आईईसी टीम के सदस्य उपस्थित रहे।



### 700 खालसों के अध्यक्ष स्वामी माधवाचार्य जी के नेतृत्व में संत मंडल कलेक्टर और मेला अधिकारी से करेगा चर्चा

# सिंहस्थ की तैयारियों का जायजा लेने आज उज्जैन आएंगे वैष्णव संप्रदाय के शीर्ष संत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों का निरीक्षण करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर चर्चा के लिए वैष्णव संप्रदाय के शीर्ष संत गुरुवार दोपहर 2 बजे उज्जैन पधारेंगे। अखिल भारतीय खालसा परिषद के अध्यक्ष तथा रामानंद संप्रदाय के अग्रणी संत टीला द्वारा गाद्याचार्य मंगल पीठाधीश्वर यज्ञ सम्राट श्री स्वामी माधवाचार्य जी डाकोर के नेतृत्व में संतों का बड़ा प्रतिनिधिमंडल शहर आ रहा है। वैष्णव संप्रदाय के तीन अणी अखाड़ों के अंतर्गत 700 खालसे आते हैं और स्वामी माधवाचार्य जी इन सभी 700 खालसों के अध्यक्ष हैं। सिंहस्थ के दृष्टिकोण से संतों का यह दौरा अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

महाकाल दर्शन कर निर्माण कार्यों का करेंगे निरीक्षण

पवासा स्थित श्री हजारी हनुमान मंदिर के श्री महंत काशीदास जी महाराज ने बताया कि उज्जैन आगमन के पश्चात सभी संत सर्वप्रथम भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन करेंगे। इसके बाद संत मंडल सिंहस्थ क्षेत्र का भ्रमण कर वहां चल रहे निर्माण और विकास कार्यों का जायजा लेगा। प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर, मेला अधिकारी और अन्य प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कुंभ मेले की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत बातचीत करेगा।

इस महत्वपूर्ण दौरे में देश के विभिन्न स्थानों से पधारे कई वरिष्ठ संत और महामंडलेश्वर शामिल रहेंगे। संतों के इस प्रतिनिधिमंडल में रामादल अखाड़ा परिषद उज्जैन के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास जी, महंत भगवानदास जी, भोपाल गुफा मंदिर के महामंडलेश्वर राम प्रवेश दास जी महाराज, जगन्नाथ पुरी के महामंडलेश्वर रामकृष्ण दास जी महाराज, भावनगर के महामंडलेश्वर गरीबदास जी महाराज, नासिक के श्री महंत भक्ति दास जी महाराज, इंदौर के महामंडलेश्वर राधे-राधे बाबा, बांसवाड़ा के महामंडलेश्वर हरिओम दास जी, बनारस के महामंडलेश्वर रामलोचन दास जी महाराज, नडियाद के महंत श्री महावीर दास जी महाराज और इंदौर पंचकुइया के महामंडलेश्वर राम गोपाल दास जी महाराज उपस्थित रहेंगे।

इनके अतिरिक्त तेरा भाई त्यागी अयोध्या जी के महामंडलेश्वर बृजमोहन दास जी महाराज, महा त्यागी कैंप अयोध्या जी के महामंडलेश्वर सीताराम दास जी तथा श्री हजारी हनुमान मंदिर उज्जैन के श्री महंत काशीदास जी महाराज भी श्री स्वामी माधवाचार्य जी के साथ उज्जैन पहुंच रहे हैं। पवासा में होगा रात्रि विश्राम

श्री महंत काशीदास जी महाराज ने जानकारी दी है कि निरीक्षण और प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा के पश्चात सभी संत गुरुवार रात्रि में पवासा स्थित श्री हजारी हनुमान मंदिर में ही विश्राम करेंगे। शुक्रवार सुबह यह प्रतिनिधिमंडल उज्जैन से प्रस्थान करेगा।

### करण राठौड़ बने संघ अध्यक्ष

**बड़नगर।** अभिभावक संघ बड़नगर में आगामी सत्र 2026-2027 के चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन संघ कक्ष में किया गया। बैठक में वर्तमान अध्यक्ष करण रंजीत राठौड़ के कार्यकाल (2025-2026) की समीक्षा की गई, जिसमें उनके नेतृत्व, सक्रियता और संघ हित में किए गए कार्यों की सराहना की गई।

अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा ने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि करण रंजीत राठौड़ ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में संघ को नई दिशा देने के साथ-साथ अभिभावकों के हितों की मजबूती से पैरवी की है। उनके कार्यों की सफलता को देखते हुए उन्हें आगामी सत्र 2026ज्ञ2027 के लिए कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए।

इस प्रस्ताव का समर्थन मुकेश पंड्या, मथुरालाल यादव, नरेंद्र स्वर्णकार, दशरथ सिंह पंड्या, जहीर उद्दीन कुरैशी, हरीश शर्मा, सलीम मंसूरी, राजेंद्र सिंह एवं राधेश्याम यादव सहित सभी सदस्यों ने किया।

# जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष 6 माह के लिए जिलाबदर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक जाट को छह माह के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रोशन सिंह ने जिला बदर किया है। इस दौरान जाट उज्जैन जिले की सीमावर्ती जिले देवास, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, धार एवं आगर मालवा में भी नहीं रह सकेंगे।

उज्जैन कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने थाना भैरवगढ़ निवासी ओर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जाट पिता देवराम जाट को छह माह के लिए जिला बदर किया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। आदेश के तहत मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उज्जैन जिला एवं उज्जैन जिले की सीमावर्ती जिले देवास, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, धार एवं आगर मालवा की राजस्व सीमाओं से छह माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। यदि उक्त अनावेदक के विरूद्ध कोई प्रकरण उज्जैन जिले में स्थित न्यायालय में चल रहा हो तो वे नियत पेशी पर उपस्थित हो सकेंगे, परन्तु इसके पूर्व अनावेदक को संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी।

न्यायालय में पेशी होने के तुरन्त पश्चात कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इसे लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी का कहना है कि यह प्रशासन की तानाशाही है। किसान हित की आवाज उठाना श्री जाट के लिए अहितकारी हो गया है। वे अपराधी प्रवृत्ति के नहीं हैं। शहर में कई अपराधों वाले अपराधियों को प्रश्रय दिया जा रहा है और हक की आवाज उठाने वालों को जिला बदर किया जा रहा है।

# किसानों की समस्याओं पर कांग्रेस का आज चक्काजाम, वर्किंग कमेटी की बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश के किसान उपार्जन केंद्रों की अव्यवस्था, टोकन सिस्टम में तानाशाही, तुलाई में भ्रष्टाचार और भुगतान में देरी से परेशान हैं। इस स्थिति से मजबूर होकर किसान बिचौलियों के हाथों शोषित हो रहे हैं। यह बात शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कही। उन्होंने कहा कि यह मामला अब सिर्फ असुविधा का नहीं बल्कि किसानों के सम्मान, आजीविका और भरोसे से जुड़ा है।

भाटी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह प्राकृतिक आपदा जैसी स्थिति है, जो सरकार की नीतिगत विफलता और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। किसानों को अपनी फसल के लिए हफ्तों इंतजार करना पड़ रहा है। स्लॉट बुकिंग और टोकन सिस्टम पूरी तरह फेल है। खुले में फसल के खराब होने का खतरा है। घोषित एमएसपी और वास्तविक भुगतान में बड़ा अंतर है, जहाँ 2700 रुपये क्विंटल का वादा किया गया था, वहीं बोली 2300 से शुरू हो रही है। भुगतान में देरी किसानों को कर्ज के जाल में धकेल रही है। सरकार सेटेलाइट से निगरानी कर नरवाई जलाने पर किसानों पर सीधे केस दर्ज कर रही है, जो कि किसानों के साथ अपराधी जैसा व्यवहार है। इसके अलावा, कमलनाथ सरकार द्वारा जारी की गई राशि का कोई रोड मैप नहीं है और बीमा एवं आपदा मुआवजा भी अटका हुआ है। कांग्रेस की प्रमुख मांगों में किसानों को भावांतर का पूरा भुगतान और पुराना बकाया पूर्ण रूप से अदा करना, हर किसान की फसल की समर्थन मूल्य पर गारंटीड खरीद, और सात दिन के भीतर फसल उपार्जन के भुगतान की कानूनी गारंटी देना शामिल है। साथ ही उपार्जन केंद्रों की संख्या और क्षमता दोगुनी करने, इन केंद्रों पर प्रतिदिन तुलाई की मात्रा 2250 क्विंटल से बढ़ाकर 5000 क्विंटल करने, खाद, बीज और जूट बैग की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई है। नरवाई नियमों में व्यावहारिक सुधार कर दंडात्मक कार्यवाही पर रोक लगाने, कर्ज माफी व ब्याज राहत का स्पष्ट रोडमैप बताने और बीमा व मुआवजा भुगतान की समय सीमा तय करने की भी प्रमुखता से मांग उठाई गई है। किसानों के मुद्दे को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी की वर्किंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 मई को होने वाले चक्का जाम में उज्जैन से 150 वाहनों के साथ शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय, संगठन महासचिव अजय राठौर, राजेश राणा, अशोक सारवान, अनवर बाबा, रमेश सांखला, संचित शर्मा, बब्लू खींची, चन्द्र भान सिंह चंदेल, कमल चौहान, वरूण शर्मा, बंटी वसीम, प्रकाश सोलंकी, वीरेंद्र गोसर, सलीम भाई गैस वाले आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर...

### जिला स्तरीय पेंचिक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता संपन्न

**मंदसौर।** स्थानीय महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय पेंचिक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले भर के मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जिसके बाद चयनित खिलाड़ी अब 8 से 10 मई तक राजगढ़ जिले के ब्यावरा में आयोजित होने वाली 12वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मंदसौर का प्रतिनिधित्व करेंगे। समापन समारोह की मुख्य अतिथि पार्षद प्रमिला संजय गोयल थीं, जबकि अध्यक्षता जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने की। खेल अधिकारी देवड़ा ने बताया कि यह खेल शासन से मान्यता प्राप्त है और इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप के साथ-साथ सरकारी नौकरी में खेल कोटे का लाभ भी मिलता है। एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कोठारी ने अतिथियों का स्वागत किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान जिले के गणमान्य नागरिक, कोच और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### रेलवे स्टेशन पर ऑटो रिक्शा के लिए नई पार्किंग नीति लागू

**मंदसौर।** रेलवे स्टेशन परिसर में लंबे समय से बन रही जाम की स्थिति और अव्यवस्था को देखते हुए नई यातायात व्यवस्था लागू की गई है। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर के हस्तक्षेप और जनहित में दिये निर्देशों के बाद आरपीएफ एवं यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से पार्किंग प्लान तैयार किया है, जिससे यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। नई व्यवस्था के तहत स्टेशन परिसर के भीतर 15 से 20 ऑटो रिक्शा के खड़े होने के लिए स्थान चिन्हित कर मार्किंग की गई है। अब ऑटो चालकों को कतारबद्ध तरीके से निर्धारित स्थान पर ही वाहन खड़े करने होंगे। विशेष रूप से ट्रेनों के आवागमन के समय, यानी सुबह 7 से 11 बजे और शाम 4 से रात 8 बजे तक मुख्य मार्ग पर किसी भी ऑटो को खड़े रहने की अनुमति नहीं होगी। यातायात पुलिस ने इन घंटों में विशेष स्टाफ की ड्यूटी लगाई है ताकि मार्ग पूरी तरह जाम मुक्त रहे। इस पहल से स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को भीड़ और अव्यवस्थित पार्किंग से निजात मिलेगी।

### नवागत आरडीए अध्यक्ष का स्वागत

**रतलाम।** रतलाम विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बनने पर मनोहर पोरवाल का अनेक संस्थाओं द्वारा स्वागत, सम्मान किये जाने के क्रम में स्टेशन रोड के प्रमुख व्यवसायियों द्वारा पुष्पा हारो से सम्मान,अभिनंदन किया गया। इनमें प्रमुख रूप से नवनीत पटेल,सुरेश जैन,वरिष्ठ पत्रकार ओम त्रिवेदी, दीपक पांडे, दीपक पटेल, अनूप पंडित, दिलीप खिलोसिया और राजेंद्र पोरवाल मौजूद थे। सभी ने उनके अच्छे कार्यकाल रहने की शुभकामनाएं व्यक्त की।

### सफाई-पार्किंग का रखें विशेष ध्यान -एसडीएम संजीव साहू

**नीमच।** नीमच शहर में संचालित निजी मैरिज गार्डन, मांगलिक भवन व सामुदायिक भवनों के संचालकों की बैठक सोमवार 4 मई को तहसील कार्यालय स्थित मीटिंग हॉल में एसडीएम श्री संजीव साहू की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में विवाह समारोह व अन्य आयोजनों के बाद होने वाली गंदगी, बदबू तथा पार्किंग की समस्या पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। एसडीएम श्री साहू ने सभी भवन संचालकों को पर्याप्त साफ-सफाई रखने व पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था रखने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निरीक्षण के दौरान यदि कहीं भी गंदगी पाई गई अथवा पार्किंग व्यवस्था के अभाव में आवागमन प्रभावित होता पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध जुर्माना एवं मैरिज गार्डन मांगलिक भवन को सील करने जैसी सख्त कार्यवाही की जावेगी। ध्वनि प्रदूषण नियंत्रणः रात 10 बजे बाद ध्वनि विस्तार यंत्रों (डीजे) का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।अग्नि सुरक्षाः सभी मांगलिक भवनों में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। रजिस्ट्रेशनः मांगलिक भवन का नियमानुसार रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।

### आम आदमी पार्टी ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

**रतलाम।** आम आदमी पार्टी ने गैस सिलेंडर के दामों में अत्यधिक मूल्य वृद्धि के खिलाफ रतलाम जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इसी के अंतर्गत रतलाम में शहीद चौराहे पर दोपहर 2 बजे आम आदमी पार्टी ने धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष संयम शर्मा ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 193 की वृद्धि करके आम जनता की जेबों पर बोझ डाला है, इसके साथ ही दुकानदारों-व्यापारियों को खाद्य सामग्री विक्रय करने एवं अपना व्यापार करने में मुश्किलें बढाई है।

# विनर वर्ल्ड अबेकस- रतलाम एवं उज्जैन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

यूसीमास मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित 21वीं राज्य स्तरीय अबेकस एवं मानसिक गणित प्रतियोगिता तथा स्नातक समारोह में इस वर्ष विनर वर्ल्ड अबेकस - रतलाम एवं उज्जैन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया।

प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 200 से अधिक यूसीमास केंद्रों से करीब पांच हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने मात्र 8 मिनट में 200 गणितीय प्रश्न हल कर अपनी असाधारण मानसिक क्षमता का परिचय दिया।

संस्था के संचालक राज बसु ने बताया कि रतलाम की छात्रा जाह्नवी राठौर ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में मलेशिया से आए अंतरराष्ट्रीय अतिथि डॉ. डिनो वोंग की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। यह भव्य आयोजन 3 मई 2026 को रवींद्र नाट्य गृह में संपन्न हुआ।



प्रतियोगिता में रतलाम एवं उज्जैन केंद्र के विद्यार्थियों ने कुल 1 चैंपियन ऑफ चैंपियन, 3 चैंपियन, 4 प्रथम उपविजेता, 2 द्वितीय उपविजेता, 3 तृतीय उपविजेता, 4 चतुर्थ उपविजेता एवं 5 पंचम उपविजेता स्थान प्राप्त किए। इसके अलावा 31 विद्यार्थियों को मेधा पुरस्कार तथा 11 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

चैंपियन- अनन्या कोठारी, रेवित अग्रवाल, विराज चौहान, प्रथम उपविजेता- दीप्ति सोनी, निधि चौहान, तृषा शर्मा, द्वितीय उपविजेता- दिव्यम गुप्ता, काजल जोरवाल, तृतीय उपविजेता- धैर्य प्रताप सिंह कुशवाह, लब्धि जैन, श्रुति चौहान, चतुर्थ उपविजेता- हितांश नलवाया, इशिका व्यास, प्रणय सिंह चौहान, प्रियांशी जोरवाल, पंचम उपविजेता- अवीर सांघवी, मादिहा कुरेशी, शिवांश याति।

**मेधा पुरस्कार विजेता**

आध्या मिश्रा, आयांश यादव, भाग्यश्री टांक, दक्ष चौहान, दर्श शर्मा, दर्शिल जैन, जीवांश चोरडि?ा, जीविका चौहान, काव्यांश शर्मा, मोक्ष खिमेसरा, मुहम्मद नौमान मंगल्या, नाम्या तलेरा, निहारिका पंवार, पार्थ भंडारी, प्रीत माहेश्वरी, रुचि मिश्रा, समर्थ मिश्रा, शाइली बैरागी, स्तुति खिमला, तनय जादव, तनमय भंडारी, वंश शर्मा

**सांत्वना पुरस्कार विजेता**

अधिराज सिंह झाला, अनाया कोठारी, भाविक चौधरी, भाव्या मारू, हिराश्मी चौहान, हृदया शर्मा, मयंक मंडोरा, निध्याना अग्निहोत्री, रिदम मंडोरा, सान्वी टांक, वैभव चौरसिया। संस्था ने बताया कि पिछले 5 वर्षों में 4 बार चैंपियन ट्रॉफी जीतकर विनर वर्ल्ड अबेकस ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखा है।


# चलते लोडिंग वाहन में लगी आग, ड्रायवर ने कूदकर बचाई जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

रतलाम-इंदौर फोरलेन पर बुधवार तड़के एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक लोडिंग वाहन में अचानक आग लग गई।

वाहन में शादी समारोह का टेंट सामान भरा हुआ था, जो देखते ही देखते आग की चपेट में आकर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि ड्रायवर की सतर्कता से कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, लोडिंग वाहन रतलाम से गांव धराड़ की ओर टेंट का सामान लेकर जा रहा था। रतलाम सीमा पार करने के बाद महू-नीमच



फोरलेन किनारे स्थित चौपाल सागर के पास अचानक वाहन से धुआं निकलता दिखाई दिया। स्थिति भांपते हुए ड्रायवर ने तुरंत वाहन को सड़क किनारे खड़ा किया और खुद कूदकर बाहर निकल गया। ड्रायवर के बाहर निकलते ही आग ने विकराल रूप ले लिया और लोडिंग में रखा पूरा टेंट सामान जलकर नष्ट हो गया। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में पूरा वाहन भी उसकी चपेट में आ गया।

घटना की सूचना मिलते ही सालाखेड़ी चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि, इस दौरान करीब आधे से पौन घंटे तक फोरलेन पर यातायात प्रभावित रहा और वाहनों को रोकना पड़ा।

सालाखेड़ी चौकी प्रभारी जगदीशचंद्र यादव के अनुसार, इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन टेंट सामग्री और लोडिंग वाहन पूरी तरह जल गए।

# कलेक्टर ने टामोटी में रात्रि विश्राम के बाद सुबह जल संरचनाओं का किया निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जिले के जनजाति बाहुल्य ग्राम टामोटी में रात्रि चौपाल एवं जल चौपाल में ग्रामीणों से रूबरू होने के बाद टामोटी में ही रात्रि विश्राम किया। छात्रावास भवन में अधिकारियों के दल के साथ रात गुजारने के बाद बुधवार को सुबह की पहली किरण के साथ ही कलेक्टर ने टामोटी क्षेत्र के गांवों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न जल संरचनाओं के निर्माण कार्यों के स्थल का मौके पर निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री चंद्रा ने ग्राम शिवपुरिया पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बढ़-चढ़कर सहभागिता करने और अधिक से अधिक जल संरचनाओं का जन सहयोग से निर्माण करने की समझाइश दी। बुधवार को सुबह कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा टामोटी के समीप पहाड़ी पर स्थित अरावली गौशाला पहुंचे। वहां उन्होंने गायों को अपने हाथों से गो-ग्रास व चारा खिलाया और गौशाला में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने गौशाला में उपलब्ध गायों, उनकी देखभाल की व्यवस्था, पशु चारा व पशु आहार की व्यवस्था, पशुओं के लिए पेयजल की उपलब्धता आदि की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने गाय के बछड़ों को दुलार भी किया।

# विधायक राहुल भैया से कुं. रणजीत सिंह शक्तावत ने की मुलाकात

**पिपलिया मंडी।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंडेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने भोपाल में चुरहट विधानसभा क्षेत्र से विधायक,अजय सिंह राहुल भैया से मुलाकात की। विधायक अजय सिंह ने कुंवर शक्तावत को पार्टी को मजबूत करने हेतु निर्देश दिए राहुल भैया ने कहा कि पार्टी के प्रति समर्पित लोगों को नतमस्तक होते हुए सम्मान दो और पार्टी की विचारधारा से जोड़ो और यह निश्चय करो की 2028 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बने तथा भारतीय जनता पार्टी द्वारा किसानों पर किए जा रहे अत्याचारों जिसमें किसानों की जमीन को हड़पने, किसानों को उनकी उपज का उचित दाम नहीं देने,किसानों से हिटलर शाही की तरीके से ऋण वसूलने,किसानों को उचित फसल बीमा नहीं देने,किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने जैसे विषयों को जन-जन तक पहुंचाओ गरीब, मजलूम, विधवा, अनाथ, पिछड़ा,अल्पसंख्यक एवं समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति की हर संभव मदद करो एवं उनके हितों और अधिकारों के लिए हर संभव लड़ाई लड़ो और यह सभी आप लोग करोगे तभी मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी इस पर कुंवर शक्तावत ने अजय सिंह राहुल भैया के आदेशों का पालना करने हेतु उनको आश्वासत किया और कहा कि आपकी विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचने में मैं अपनी अहम भूमिका अदा करूंगा और आपकी भावनाओं पर खरा उतरते हुए निश्चित ही 2028 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार को बनाने में आपके आदेशानुसार हमारा अहम योगदान रहेगा।



# दलौदा में 60 लाख की लागत से 7 नई डायलिसिस मशीनों का लोकार्पण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

रोटरी ग्लोबल ग्रांट के अंतर्गत जिले के दलौदा स्थित महावीर स्वास्थ्य केंद्र में 60 लाख रुपये की लागत से स्थापित 7 नवीन डायलिसिस मशीनों का लोकार्पण हुआ। इस पुनीत अवसर पर उपाध्याय प्रवर गौतम मुनि, प्रवर्तक विजय मुनि, उप प्रवर्तक अरुण मुनि एवं साध्वी श्री कुमुदलता श्रीजी जैसे महान संतों का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर एवं मंदसौर विधायक विपिन जैन उपस्थित रहे।

मशीनों के लोकार्पण के पश्चात अब केंद्र पर कुल 12 डायलिसिस मशीनें उपलब्ध हो गई हैं, जिससे क्षेत्र के मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा और प्रतीक्षा सूची से राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान दानदाता परिवार आनंदीलाल-कोमलसिंह दुग्गड, राजीव चौधरी एवं राजेंद्र डाकोलिया परिवार का रोटरी क्लब द्वारा सम्मान किया गया। इसके साथ ही महावीर स्वास्थ्य केंद्र के अध्यक्ष रमेश भंडारी एवं महामंत्री राजेश संचेती सहित अन्य सहयोगियों का भी बहुमान हुआ। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा ने बताया कि रोटरी का लक्ष्य क्षेत्र में कुल 56 मशीनें स्थापित करना है। राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर और विधायक श्री जैन ने इस प्रकल्प को ग्रामीण क्षेत्र के लिए वरदान बताया।

उल्लेखनीय है कि यहाँ मात्र 300 रुपये में डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है, जबकि आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क है। रोटरी क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने कहा आगामी समय में एक अत्याधुनिक कार्डियक एम्बुलेंस भी जनसेवा को समर्पित की जाएगी। संचालन क्लब सचिव कपिल भण्डारी ने किया एवं आभार ने वैभव दुग्गड़ ने माना।

### लापता युवक का खेत से मिला शव

**नीमच।** जिले के जीरन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपलिया जागीर में लापता हुए युवक का शव उसके ही खेत स्थित कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पूनमचंद पिता अमरचंद मीणा (30) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पूनमचंद 2 तारीख की रात खेत पर पानी देने गया था, जहां वह रोजाना रुकता था, लेकिन इस बार वह घर नहीं लौटा। पुलिस को गुमशुदगी की सूचना दी थी।घटना के चार दिन बाद ग्रामीणों को खेत के कुएं में पानी में फूलता हुआ शव दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

# मेवाड़े प्रेस क्लब के संरक्षक मनोनीत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर



नगर के जनहित मुद्दों को प्राथमिकता से अखबार में प्रकाशित कर समस्याओं का निराकरण कराने में अहम भूमिका निभाने वरिष्ठ पत्रकार श्याम मेवाड़े को प्रेस क्लब मंडलेश्वर का संरक्षक मनोनीत किया ।

पत्रकारिता के क्षेत्र में मेवाड़े ने 27 सालों से निरंतर कार्य में जुटे हुए पत्रकारिता में कई संगठनों के पद पर रहे है मंगलवार नर्मदा तट स्थित नर्मदा आश्रय स्थल पर आयोजित प्रमुख बैठक में नगर के युवा पत्रकारों शामिल हुए कई मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ इस दौरान सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार श्याम मेवाड़े को प्रेस क्लब का संरक्षक मनोनीत किया संरक्षक बनने से नगर के पत्रकारों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

अपने उद्बोधन में संरक्षक श्याम मेवाड़े ने कहा कि प्रेस क्लब का गठन पत्रकारों की एकता, सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से किया शासन के जनकल्याणकारी योजना का लाभ भी पत्रकारों को मिलना चाहिए साथ ही कहा कि अखबारों के प्रतिनिधियों को भी वेतनमान दिए जाने की मांग की जाएगी उन्होंने विश्वास जताया कि यह संगठन भविष्य में पत्रकारों के हितों की आवाज बुलंद करेगा और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार हरचरण सिंह मुच्छाल, मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला उपाध्यक्ष अमन वर्मा, महेश्वर तहसील संरक्षक उदय सिंह पटेल, तहसील अध्यक्ष दीपक तोमर, तहसील सचिव अश्विन पिपल्दे, सोशल मीडिया प्रभारी पवन वर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्य तरुण कुमरावत, राजवीर छाबड़ा, आदर्श मेवाड़े, राजा गोखले, जौहर अली, दिनेश मेवाड़े, वीरेंद्र सिंह पटेल, कृष्णपाल सिंह ठाकुर, दानिश जोये, लखन ठाकुर, सूरज मंडलोई, असलम पठान, आमीन खान, विश्वदीप मोयदे, हरी गाडगे, राकेश सोलंकी, दिनेश पाटीदार सहित बड़ी संख्या में पत्रकारों और नगर के वरिष्ठजनों ने शुभकामनाएं बधाई दी। वरिष्ठजनों, भाजपा नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रेस क्लब के गठन पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे पत्रकारों के लिए एक मजबूत मंच बताया। सभी ने नवगठित प्रेस क्लब को शुभकामनाएं देते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भाजपा मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री पाटीदार ने गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया

**मंडलेश्वर।** क्षेत्र के ग्राम कतरगांव स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र का भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नारायण पाटीदार द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान के प्रयास किए।निरीक्षण के दौरान किसानों–किशन कपूरचंद पाटीदार, रामेश्वर पाटीदार, महादेव पाटीदार, अजय मुकाती एवं शिवराम जाट–ने बताया कि उपार्जन केंद्र पर हम्मालों की कमी के कारण गेहूं तुलाई की प्रक्रिया धीमी हो रही है। इससे किसानों की ट्रॉलियां लंबे समय तक खड़ी रहती हैं, जिससे उन्हें काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला अध्यक्ष नारायण पाटीदार ने तत्काल प्रभाव से हम्मालों की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई। साथ ही अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था कर गेहूं उठाव प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि उपार्जन केंद्र पर गेहूं तुलाई और धुलाई की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के बाद किसानों में संतोष का माहौल देखा गया और उन्होंने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के इस प्रयास की सराहना की।





## श्री जैन ने नव वर-वधू को कन्यादान कर दैनिक उपयोगी सामग्री भेंट की

सनावद। लायंस क्लब सनावद स्नेह की एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला.अनिता भागचंद जैन ने एक वैवाहिक समारोह में वधू अंजू का कन्यादान कर दैनिक उपयोगी सामग्री भेंट की और नव वर-वधू को सुखद दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। ला.आरती पाटील एवं नूपुर पटेल ने भी नव वर वधू के खुशहाल एवं समृद्धशाली दाम्पत्य जीवन की कामना की। उल्लेखनीय है कि जैन ने सर्वसमाज की दो सौ कन्याओं के कन्यादान का संकल्प लिया है। यह 98 वां कन्यादान था। इस अवसर पर जैन ने कहा कि लायंस क्लब के उद्देश्यों के अनुरूप नारी सशक्तिकरण के लिए संकल्पबद्ध हैं।

## नवागत कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने पदभार ग्रहण किया

**मनावर।** धार जिले के नवागत कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना ने आज विधिवत अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने से पूर्व उन्होंने जिले के धारेश्वर मंदिर पहुँचकर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने जिले की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जन-कल्याण के लिए मंगल कामना की। पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवागत कलेक्टर श्री मीना कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचे। जहाँ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी, अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पाण्डेय सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया। तत्पश्चात कलेक्टर श्री मीना ने कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न अनुभागों और कार्यालयों का भ्रमण कर अवलोकन किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे ।

# ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा बिरुल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भिकनगांव

मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज वेल बुरहानपुर द्वारा ग्राम बिरुल, तहसील भिकन गांव, जिला खरगोन में 6 मई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. प्रमोद चौधरी (जनरल फिजिशियन) द्वारा मरीजों की संबंधित समस्याओं का परामर्श किया गया। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। डॉ. चौधरी ने सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रहने की सलाह दी। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देश में एवं डॉ. संजय मालवीया के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

# प्रदेश सह प्रभारी ऊषा नायडू ने बैठक में बूथ स्तर की जानकारी ली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर



बुरहानपुर जिले की नेपानगर विधानसभा में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक नगर के अणुव्रत भवन में आहूत की गई। बैठक में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सह प्रभारी ऊषा नायडू नेपानगर पहुंचीं।

नायडू ने क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष एवं मंडलम अध्यक्षों से उनके कार्यक्षेत्र की बूथ स्तर तक की जानकारी ली। कार्यशाला के रूप में उन्होंने सभी ब्लॉक अध्यक्षों से उनकी कार्य क्षमता एवं कार्य करने के व्यावहारिक तरीकों को बारीकी से जाना। सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने भी अपने-अपने कार्यक्षेत्र की समस्या एवं किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रदेश सह प्रभारी नायडू के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके पश्चात नायडू ने संगठन को मजबूती से एक-दूसरे के साथ मिलजुल कर कार्य करने की बात कही। उन्होंने साथी कार्यकताओं को सम्मान देने की बात कही। साथ ही कहा कि हम अपने कार्यकताओं से बाहर खुले में नहीं लड़ेंगे। हमारी घर की लड़ाई हम घर में लड़ें, लेकिन बाहर लड़ने का फायदा भाजपा उठा ले जाएगी। हमारे पास लेने के लिए कुछ नहीं, खोने को बहुत कुछ है। हम सभी को पूरी मेहनत के साथ जनता के बीच जाना है और उनकी आवाज उठाना है। प्रदेश में सरकार बनाना और आम जनता के लिए लड़ना ही कांग्रेस संगठन की मजबूती है।

नेपानगर विधानसभा प्रभारी हेमंत टाले ने कहा कि संगठन ने मुझे जवाबदेही देकर नेपानगर भेजा है। मैं आप सभी को वचन देता हूं कि गांव-गांव जाकर बूथ स्तर पर ग्राम समितियां बनाकर कांग्रेस को मजबूत करेंगे। आप सभी को मेरी जहां जरूरत हो, आप मुझे बुलाएं, मैं जरूर आपके बीच उपस्थित रहूंगा। इस दौरान बुरहानपुर ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष रविंद्र महाजन, शहरी जिला अध्यक्ष रिंकू टॉक, पूर्व विधायक हामिद काजी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश सिंह बेस, जगमीत सिंह जॉली, नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटील, महिला कांग्रेस अध्यक्ष योगिता पाटील, उपस्थित थे।

## हाई स्कूल / हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा 2026 प्रारंभ

**बड़वानी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल / हायर सेकेंडरी परीक्षा में असफल हुवे विद्यार्थियो को द्वितीय अवसर प्रदान किया जाकर परीक्षा का आयोजन 7 मई से प्रारंभ किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि द्वितीय अवसर की परीक्षा बड़वानी जिले के 7 केंद्रों पर संपन्न होगी । इस परीक्षा में हाईस्कूल के 1555 एवं हायर सेकेंडरी के 2401 इस प्रकार कुल 3835 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा की सभी तैयारिया कलेक्टर जयति सिंह के मार्गदर्शन मे पूर्ण की गई । परीक्षा हेतु गोपनीय सामग्री का वितरण कर प्रश्न पत्र संबंधित केंद्र के नजदीकी पुलिस थानों पर रखवा दिये गये हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थी प्रातः 8.30 तक अनिवार्य रूप से अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर पहुंचे, माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशानुसार प्रातः 8.30 के पश्चात परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## सांसद पाटील के भाई के निधन पर शोक जताने बोहरड़ा पहुंचे मुख्यमंत्री

बुरहानपुर। खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के अनुज स्वर्गीय विश्वनाथ पाटील (बाबू भाई) के निधन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को उनके पैतृक निवास ग्राम बोहरड़ा पहुंचे। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मुख्यमंत्री कुछ समय तक परिवारजनों के साथ रहे और उन्हें इस कठिन समय में ढांढस बंधाया। ग्राम बोहरड़ा में मुख्यमंत्री के आगमन पर जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की भी उपस्थिति रही।

## मकान सूचीकरण में सर्वप्रथम एनएलबी पूर्ण करने पर दो पर्यवेक्षक सम्मानित

नेपानगर। राष्ट्रीय जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण के कार्य में जिले में सर्वप्रथम एनएलबी पूर्ण करने पर पर्यवेक्षक भूपेन्द्र कुटारिया एवं पर्यवेक्षक रविन्द्र निम्बालकर का सम्मान किया गया। जिला जनगणना प्रभारी विनय श्रीवास्तव ने दोनों पर्यवेक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर नेपानगर शहरी क्षेत्र के चार्ज अधिकारी मोहनसिंह भालावा, प्रदेशस्तरीय मास्टर ट्रेनर एस. एन. सेठी, जिला स्तरीय टेक्निकल असिस्टेंट जुबेर अंसारी, सर्कल-05 के सुपरवाइजर सैयद शाकीर, नगर पालिका नेपानगर के कर्मचारी कुशल सिंह, भरत, मोहन चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक रघुवीर सोलंकी ने 5 दिवस में कार्य पूर्ण कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी ।

डिजिटल जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य गति से संचालित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में शासकीय सांदीपनि विद्यालय तलवाड़ा बुजुर्ग के प्राथमिक शिक्षक श्री रघुवीर सोलंकी ने उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है। श्री सोलंकी ने उन्हें आवंटित गणना ब्लॉक के अंतर्गत मकान सूचीकरण के कार्य को मात्र 5 दिवस की अल्पावधि में सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। संपूर्ण जिले में सबसे पहले इस कार्य को त्रुटिरहित संपन्न करने की इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन द्वारा उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्य के प्रति इस समर्पण और तत्परता को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा श्री रघुवीर सोलंकी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने अन्य प्रगणकों और अधिकारियों के लिए इसे एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

उल्लेखनीय है कि बड़वानी जिले में जनगणना 2027 के लिए एचएलओ मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से डिजिटल प्रविष्टियाँ की जा रही हैं, जिससे डेटा संकलन में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हो सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे गणना कार्य के लिए आने वाले कर्मियों को सही जानकारी प्रदान कर इस अभियान में सहयोग करें।

## मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ब्लॉक महेश्वर कार्यकारिणी घोषित, जुगल किशोर पाटीदार अध्यक्ष बने

**मंडलेश्वर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ब्लॉक महेश्वर की नई कार्यकारिणी की घोषणा सर्वसम्मति से की गई। यह घोषणा जिला अध्यक्ष विजय राय सुनहरे एवं जिला सचिव श्याम पाटीदार की सहमति से आगामी दो वर्ष के कार्यकाल के लिए की गई है। जिसमें ब्लाक महेश्वर अध्यक्ष शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर सहायक शिक्षक जुगल किशोर पाटीदार को बनाया गया। ब्लॉक सचिव कृषि विभाग ए. ई.ओ महेश्वर अर्जुन सिंह भाबर और राजस्व विभाग आर . आई मंडलेश्वर अनिल भटोरे कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ महेश्वर तहसील अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान,सचिव शैलेंद्र जामुने,कोषाध्यक्ष संजय पाटीदार सहित संघ के कर्मचारियों ने बधाई दी।

## हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ दर्शन यात्रा 26 जून को होगी रवाना

रतलाम। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा 26 जून 2026 को रवाना होगी जो २९ जून 2026 को वापस आएगी। जिले को यात्रा के लिए १९६ सीटों का कोटा आवंटित किया गया है। यात्रा के लिए ट्रेन रतलाम रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होगी एवं वापसी में आगमन भी रतलाम में ही होगा। यात्रा पर जाने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 जून 2026 निर्धारित की गई है। इस संबंध में समय-समय पर संशोधित नियमों की जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस यात्रा से संबंधित विस्तृत नियम निर्देश एवं तीर्थयात्रा के लिए निर्धारित आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने जिले के नागरिकों से इस योजना का लाभ लेने का आग्रह किया है।मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति मध्यप्रदेश के मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक आयकरदाता नहीं होना चाहिए। आवेदक जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक हो। महिलाओं के लिए अधिकतम आयु में 2 वर्ष की छूट अर्थात 58 वर्ष है एवं 60 प्रतिशत से अधिक विकलांग व्यक्ति आवेदक के लिए आयुसीमा का बंधन लागू नहीं होगा।



# राहुल रॉय के साथ दिखीं महिला ट्रोलिंग पर भड़कीं

**कहा- ट्रोल करना आसान, मदद करना मुश्किल, लात मारकर सॉरी नहीं बोलते, एक्टर भी दे चुके हैं सफाई**

राहुल रॉय एक महिला के साथ रील वायरल होने से सुर्खियों में आ गए। उनकी जमकर ट्रोलिंग की गई, जिस पर वो पहले ही सफाई देकर कह चुके हैं कि वो अपने खर्च उठाने के लिए ये काम कर रहे हैं, अगर किसी को चिंता है, तो वो उन्हें ढंग का काम दिलवाए। राहुल के बाद अब उनके साथ नजर आई महिला का भी बयान सामने आ चुका है। उनका नाम वनिता है, जो पेशे से डॉक्टर हैं और शौकिया तौर पर रील्स बनाती हैं। उनका कहना है कि लोग ट्रोल कर रह हैं, लेकिन उन्होंने राहुल को काम देकर उनकी मदद की है।

डॉक्टर वनिता ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने राहुल से रिश्ते पर सफाई देते हुए कहा, 'एक अच्छे इंसान का एक अच्छे इंसान से जो रिश्ता होता है, वही मेरा राहुल रॉय के साथ है। अगर आप उनके सच्चे फैंस होते, तो रील देखकर लाइक करते, कमेंट करते, लात मारकर सॉरी नहीं बोला करते। आगे वनिता ने कहा, अभी-अभी वो अपनी बीमारी से उबर रहे हैं। अभी थोड़े स्ट्रॉन्ग बने हैं। अगर हम किसी के फैंस हैं, तो हमें उनके गुण और दोष दोनों प्रिय होने चाहिए। वो बात मुझे आप सबमें नजर नहीं आई। इसलिए मुझे कैमरे के सामने आना पड़ा। राहुल रॉय बहुत अच्छे इंसान हैं। बहुत दयालु हैं। उनकी जो भी हेल्प करता है वो दोगुनी संपत्ति पा लेता है, इतना अच्छे हैं उनके स्टार्स। वनिता ने वीडियो में बताया है कि उनकी राहुल से पहली मुलाकात 5 साल पहले हुई थी। इसके आगे उन्होंने ट्रोलिंग पर जवाब देते हुए कहा, जो भी है, वो उनका काम देखो, ये क्यों पूछ रहे हैं कि ये औरत कौन है, क्या कर रही है। वो एक्टर है बस। वो अपनी कला से उभरकर आया है। बिना कुछ समझे-जाने ऐसे कमेंट करना, ट्रोल करना गलत है।

# बेटे अरहान ने शादी से इनकार किया : मलाइका अरोड़ा





**कहा- ग्रैंडकिड्स भूल जाइए, प्रदूषण और खराब माहौल में बच्चे नहीं चाहता हूं**



मलाइका अरोड़ा ने बेटे अरहान खान को लेकर एक बात शेयर की। उन्होंने बताया कि अरहान ने कहा कि वह शादी नहीं करना चाहते और बच्चे भी प्लान नहीं कर रहे हैं। मलाइका के मुताबिक, बेटे ने मजाक में कहा, ग्रैंडकिड्स की उम्मीद छोड़ दो।

हाल ही में टाइम्स एंटरटेनमेंट को दिए इंटरव्यू में मलाइका रिश्तों और शादी पर बात कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी रिश्तों को अलग नजरिए से देखती है। उनका बेटा कई बार ऐसी बातें बोलता है, जो उन्हें सोचने पर मजबूर करती हैं।

मलाइका ने बताया कि अरहान ने उनसे कहा, मैं शादी नहीं करूंगा, इसलिए ग्रैंडकिड्स के बारे में भूल जाइए। वजह पूछने पर अरहान ने बढ़ते प्रदूषण और खराब माहौल का जिक्र किया। उसने कहा कि अदक500-1000 तक पहुंच रहा है, ऐसे माहौल में बच्चों को दुनिया में लाना सही नहीं लगता। मलाइका ने माना कि बेटे की सोच उनसे अलग है। उन्होंने उसे समझाया कि जिंदगी के हर फेज का अलग अनुभव होता है और परिवार बनाना भी उसका हिस्सा है। उन्होंने कहा कि रिश्ते बदलते रहते हैं और जिंदगी में कुछ भी स्थायी नहीं होता। इंसान को परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढालना पड़ता है। इंटरव्यू में मलाइका ने सेल्फ-लव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि वह हर दिन खुद से प्यार करने को कहती हैं, क्योंकि अगर इंसान खुद को स्वीकार नहीं करेगा, तो जिंदगी खुलकर नहीं जी पाएगा।

मलाइका अरोड़ा की शादी 1998 में अरबाज खान से हुई थी। दोनों का 2017 में तलाक हो गया था। अरहान उन्हीं के बेटे हैं। तलाक के बाद भी दोनों बेटे की को-पैरेंटिंग कर रहे हैं। मलाइका लंबे समय तक अर्जुन कपूर के साथ रिश्ते को लेकर भी चर्चा में रहीं।



# बेटे की कब्र पर जाकर फूट-फूटकर रो पड़ीं सेलिना जेटली

**पोछा लगाया, तलाक की सुनवाई के लिए ऑस्ट्रिया गईं, कहां- मुझे 3 बच्चों से मिलने नहीं दिया**

एक्ट्रेस सेलिना जेटली के लिए बीते कुछ महीने बेहद तकलीफदेह रहे। भाई की यूएई में गिरफ्तारी से लेकर तलाक की प्रोसेस। अब एक्ट्रेस के तलाक की हियरिंग भी शुरू हो चुकी है, जिसके सिलसिले में वो इन दिनों ऑस्ट्रिया में हैं। यहीं उनके बेटे की कब्र भी है। ऑस्ट्रिया में एक्ट्रेस अपने बेटे की कब्र पर गईं और फूट-फूटकर रोती दिखीं।

सेलिना जेटली ने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से कब्रिस्तान का एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें लिखा था, ह्यतलाक की हियरिंग के लिए ऑस्ट्रिया में बीते पिछले 2 हफ्ते बेहद ब्रूटल थे। जिस इकलौते बच्चे से मैं मिल पाई वो था दिवंगत शमशेर। जज के सामने पेश होने के बावजूद मेरे बच्चे घर नहीं लाने दिए गए। यहां तक कि मुझे मेरे 3 बच्चों को देखने भी नहीं दिया गया। जिन्हें मैंने जन्म दिया और जिनके लिए मैंने कुर्बानियां दीं। मेरे बच्चों को बहकाया जा रहा है और मेरे खिलाफ किया जा रहा है, मेरे बचे हुए प्री मैरिटल एसेट्स को छीनने लेने के लिए। आशा है मुझे चोट पहुंचाने से उसे राहत मिले, दुर्भाग्य से ये सारी चीजें हमारे बच्चों के लिए हमेशा के लिए एक जख्म बन जाएंगी।

इस वीडियो के अलावा कैप्शन में सेलिना ने लिखा है, ह्यमेरे पास दुनिया को अपना एक मां के रूप में दर्द दिखाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा था, इसलिए मुझे यह दिल तोड़ देने वाला वीडियो शेयर करना पड़ा। पिछले कुछ हफ्ते मेरी जिंदगी के सबसे मुश्किल दिनों में से रहे। मैं अपने तलाक की सुनवाई के लिए ऑस्ट्रिया में थी। ऑस्ट्रिया की अदालत में दिए गए वादे के बावजूद, मेरे बच्चों को, जिन्हें एक सीक्रेट जगह पर ले जाया गया था, वापस घर नहीं लाया गया।

# जाह्नवी कपूर और शिखर की शादी की खबरें गलत



**बोनी कपूर बोले- अफवाहों में सच्चाई नहीं, इस साल के अंत तक जामनगर में शादी को बताया फेक**



एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर और शिखर पहाड़िया की शादी पर एक्ट्रेस के पिता और फिल्ममेकर बोनी कपूर ने सफाई दी है। बोनी ने उन तमाम दावों को खारिज कर दिया है जिनमें कहा जा रहा था कि जाह्नवी और शिखर इस साल के आखिर में शादी करने वाले हैं।

दरअसल पिछले कुछ दिनों से कई रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा था कि यह कपल सितंबर या अक्टूबर के बीच गुजरात के जामनगर में एक पारंपरिक समारोह में शादी कर सकता है। जब इन अटकलों के बारे में बोनी कपूर से पूछा गया, तो उन्होंने ई-टाइम्स से बातचीत में सीधे तौर पर कहा, नहीं, यह सच नहीं है।

परिवार के करीबी हैं शिखर पहाड़िया शिखर को अक्सर कपूर परिवार के निजी कार्यक्रमों और छुट्टियों में देखा जाता है। वे न केवल जाह्नवी के साथ वेकेशन पर जाते हैं, बल्कि अक्सर मंदिरों के दर्शन के लिए भी परिवार के साथ नजर आते हैं। जाह्नवी ने भी अप्रैल 2024 में 'कॉफी विद करण' के एक एपिसोड में इशारों में बताया थी कि वह किसी के साथ रिलेशनशिप में हैं।

दोनों का नाम सबसे पहले तब जुड़ा था, जब जाह्नवी ने बॉलीवुड में डेब्यू भी नहीं किया था। साल 2016 में कुछ समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद दोनों अलग हो गए थे। हालांकि, पिछले कुछ सालों से वे अक्सर सार्वजनिक जगहों पर साथ नजर आते हैं।

प्यार में सुरक्षित महसूस करती हैं जाह्नवी हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान जाह्नवी ने प्यार और अपने पार्टनर के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने शिखर का नाम लिए बिना कहा, प्यार सुरक्षित महसूस कराता है। उनकी मौजूदगी की वजह से अब मैं खुद को उतना बेबस महसूस नहीं करती।

उन्होंने आगे कहा कि वह इस रिश्ते में एक बच्ची की तरह रह सकती हैं और उनके साथ उन्हें सबसे ज्यादा मजा आता है। एक्ट्रेस के मुताबिक, इस प्यार ने उन्हें अपने सबसे सच्चे रूप में रहने में मदद की है।

## सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल में पंजाब को 33 रन से हराया

# लगातार 3 छक्कों से ईशान की फिफ्टी

### कोनोली ने चौकेसे सेंचुरी पूरी की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद



सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल में बुधवार को पंजाब को 33 रन से हराया। हैदराबाद ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 235 रन बनाए। जवाब में 236 रन के टारगेट का पीछा करते हुए पंजाब की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 202 रन ही बना सकी।

राजीव गांधी उप्पल स्टेडियम में खेले गए इस मैच में कई मोमेंट्स देखने को मिले। हैदराबाद के ओपनर अभिषेक शर्मा लॉकी फर्ग्यूसन की बॉल पर छक्का लगाने के बाद अगली बॉल पर आउट हो गए।

ईशान किशन को 3 जीवनदान मिले, इनमें दो मौकों पर कैच ड्रॉप हुए, जबकि तीसरे में प्रभसिमरन सिंह उन्हें स्टंपिंग करने से चूक गए। ईशान ने लगातार तीन छक्के लगाकर फिफ्टी पूरी की। कूपर कोनोली ने पंत की स्टाइल में गिरकर चौका लगाया और शतक पूरा किया।

**हैदराबाद-पंजाब मैच के टॉप रिकॉर्ड्स-** कोनोली-यानसन में पंजाब से 7वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी कूपर कोनोली और मार्को यानसन ने आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए 7वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दोनों ने मिलकर 68 रन जोड़े। उन्होंने आशुतोश शर्मा और शशांक सिंह के 66* रनों की पिछली सर्वश्रेष्ठ साझेदारी का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बनी थी।

हैदराबाद-पंजाब मैच की पहली पारी में सबसे बड़ा टोटल बनाहैदराबाद ने पंजाब के खिलाफ 20 ओवर में 235 रन बनाए। यह इन दोनों टीमों के बीच पहली पारी का सबसे बड़ा आईपीएल स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड 219 रन का है। जोकि मुल्लांपुर के स्टेडियम में इसी सीजन में में बना था। दोनों टीमों के बीच सबसे बड़े टोटल का रिकॉर्ड 247 रन का है, जो हैदराबाद ने पिछले साल इसी मैदान पर 247 रन चेज करते हुए बनाया था।

यानसन ने दूसरी बार 60 से ज्यादा रन दिएमार्को यानसन ने हैदराबाद के खिलाफ अपने कोटे के 4 ओवर में 61 रन दिए। उन्होंने आईपीएल में दूसरी बार 60 से ज्यादा रन दिए हैं। इस लिस्ट में अर्शदीप सिंह पहले स्थान पर हैं। वे 3 बार 60 या इससे ज्यादा रन दे चुके हैं। एनरिक नॉर्त्या और विजयकुमार वैशाख भी 2-2 बार 60 से ज्यादा रन दे चुके हैं।

**छक्का लगाने के बाद आउट हुए अभिषेक-** हैदराबाद की पारी के चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा लॉकी फर्ग्यूसन की बॉल पर छक्का लगाकर आउट हुए। अभिषेक ने ओवर की दूसरी बॉल पर फाइन लेग पर छक्का लगाया। अगली ही बॉल पर फर्ग्यूसन ने उन्हें कप्तान श्रेयस अय्यर के हाथों कैच करा दिया।

**ईशान किशन को जीवनदान, कोनोली से कैच छूटा-** 8वें ओवर में लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर ईशान किशन का आसान कैच छूट गया। ईशान ने लॉकी की मिडिल स्टंप पर शॉर्ट बॉल डीप स्क्वेयर लेग की ओर खेला खेला। जहां कूपर कोनोली खड़े थे। गेंद सीधे कोनोली के हाथ में आई। लेकिन, आखिरी क्षण में कैच छूटा गया। हालांकि, कोनोली ने बाउंड्री बचा ली। यहां ईशान 9 रन पर खेल रहे थे।

**चहल की बॉल पर क्लासन का कैच ड्रॉप-** 9वें ओवर में युजवेंद्र चहल की गेंद पर हेनरिक क्लासेन को जीवनदान मिल गया। लेग स्टंप के बाहर फुल गेंद पर क्लासेन ने स्वीप खेला, लेकिन टॉप-एज लग गया। गेंद डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर सीधे फील्डर के पास गई। शशांक ने दोनों हाथ लगाए, लेकिन कैच नहीं पकड़ पाए और गेंद छूट गई।

**ईशान को ओवर में 2 जीवनदान, कैच ड्राप और स्टंपिंग छूटी-** 11वें ओवर में ईशान किशन को 2 बार जीवनदान मिले। यह ओवर युजवेंद्र चहल डाल रहे थे। चौथी बॉल पर लॉकी फर्ग्यूसन ने कैच ड्रॉप किया। ईशान ने लेंथ बॉल को स्वाइप किया। लेकिन, गेंद फर्ग्यूसन के हाथ से निकल गई। अतिरिक्त उछाल के कारण वे बॉल पकड़ नहीं सके और कैच का मौका गंवाया। चहल की आखिरी बॉल पर विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह ने ईशान को स्टंपिंग करने का आसान मौका गंवाया। चहल की फ्लाइटेड लेग ब्रेक पर ईशान आगे बढ़कर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद को पढ़ नहीं पाए।


## बधाई एवं गौरव संदेश

उद्यमेन हि सिद्ध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः॥

अर्थात्– परिश्रम से ही कार्य सिद्ध होते हैं, केवल इच्छाओं से नहीं। सोए हुए सिंह के मुख में भी हिरण स्वयं प्रवेश नहीं करते।

आदरणीय श्रीगोपाल कृष्ण व्यास की पोती एवं आनंद अनीता व्यास सनेहमयी, प्रतिभाशाली एवं संस्कारीत पुत्री कु. माही व्यास को एमबीबीएस में प्रथम श्रेणी कीउपाधि प्राप्त कर डॉ. बनने पर हृदय से हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएँ।

यह उपलब्धि केवल एक डिग्री नहीं, बल्कि वर्षों की तपस्या, अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और अटूट विश्वास का सजीव प्रमाण है। आपने अपने पुरुषार्थ से यह सिद्ध कर दिया कि ऊँचे सपने देखने वालों के लिए कोई भी शिखर दूर नहीं होता।

आपकी इस गौरवपूर्ण सफलता से न केवल आपका परिवार, बल्कि सम्पूर्ण समाज गौरवान्वित एवं आनंदित हुआ है। आपने अपने उत्कृष्ट प्रयासों से एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का दीपक बनकर सदैव प्रज्वलित रहेगा।

ईश्वर से प्रार्थना है कि आप निरंतर सफलता के नवीन आयाम स्थापित करती रहें तथा अपने ज्ञान, सेवा भाव और मानवीय मूल्यों से समाज एवं राष्ट्र की सेवा करती रहें।

देवाधिदेव भगवान हाटकेश्वर से विनम्र प्रार्थना है कि वे आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, असीम यश एवं चिकित्सा क्षेत्र में उच्चतम उपलब्धियाँ प्रदान करें।

निश्चित ही, व्यास परिवार इकलेरा ओर राजराजेश्वरी परिवार शाजापुरकोइस इस शुभ अवसर पर यह उपलब्धि एक अनुपम, भावनात्मक और गौरवपूर्ण उपहार है, जो जीवन भर गर्व का कारण बनी रहेगी।



सम्पूर्ण नागर समाज की ओर से

डॉ. माही व्यास
को उज्ज्वल, सफल एवं प्रेरणादायक भविष्य हेतु हार्दिक मंगलकामनाएँ

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस का

# आईपीओ 1.19 गुना सब्सक्राइब




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस लिमिटेड का 41.69 करोड़ रुपये का एसएमई आईपीओ 1.19 गुना सब्सक्राइब हुआ है। 11 मई को एनएसई इमर्ज पर कंपनी की लिस्टिंग से जुड़ी पूरी जानकारी और डाटा यहां पढ़ें।

पब्लिक रिलेशंस और मार्केटिंग सॉल्यूशंस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार, 6 मई 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। कुल 41.69 करोड़ रुपये के इस एसएमई (एसएमई) इश्यू को निवेशकों की ओर से कुल मिलाकर 1.19 गुना का सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ है। अब बाजार और निवेशकों की नजरें आगामी सोमवार, 11 मई 2026 को होने वाली कंपनी की बाजार में लिस्टिंग पर टिक गई हैं। इसकी लिस्टिंग एनएसई इमर्ज पर होनी है। यह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का एक विशेष प्लेटफॉर्म है, जिसे विशेष रूप से लघु व मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप्स के लिए बनाया गया है।

इस आईपीओ में क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी), गैर-संस्थागत खरीदारों (एनआईआई) और खुदरा निवेशकों सहित सभी श्रेणियों में भागीदारी देखी गई। सब्सक्रिप्शन आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण इस प्रकार है: इस श्रेणी में निवेशकों ने सबसे अधिक रुचि दिखाई है। 72,000 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 12,24,000 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं, जिसके परिणामस्वरूप यह हिस्सा 17.00 गुना सब्सक्राइब हुआ। इस कैटेगरी में 11,77,200 शेयरों के मुकाबले 14,60,400 शेयरों के लिए आवेदन आए, जिससे यह 1.24 गुना भरा।

## कैबिनेट के फैसले: गन्ना और कपास किसानों को बड़ी सौगात

# दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने विमानन, एमएसएमई, कृषि और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को बड़ा बूस्टर डोज देते हुए कई अहम फैसलों को मंजूरी दी है। गन्ने के नए लाभकारी मूल्य, कपास मिशन और आपातकालीन ऋण से जुड़ी पूरी न्यूज स्टोरी पढ़ें और जानें इसके आर्थिक मायने।

भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति देने और प्रमुख औद्योगिक व कृषि क्षेत्रों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से, केंद्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक फैसलों पर मुहर लगाई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद इन महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी दी। इन फैसलों में मुख्य रूप से विमानन क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), कृषि नीतियां और समुद्री बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) शामिल हैं, जो देश के समग्र विकास और रोजगार सृजन को रफ्तार देने के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

**1.52 लाख करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी-** केंद्र सरकार की कैबिनेट ने हालिया बैठक में कई अहम फैसलों को मंजूरी दी है, जिन पर कुल लगभग 1.52 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कपास उत्पादन बढ़ाने के लिए कपास कांती मिशन पर 5,659 करोड़ रुपये खर्च होंगे, वहीं 2026-27 सीजन के लिए गन्ने के उचित एवं लाभकारी मूल्य से जुड़ा फैसला भी लिया गया है। आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए ईसीएलजीएस-5 योजना पर 18,100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के मोर्चे पर वडिनार में शिप रिपेयर सुविधा (1,570 करोड़ रुपये) और कई रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी मिली है, जिनमें नागदा-मथुरा, गुंटकल-वाडी और बुरहवाल-सीतापुर रेल लाइनों के विस्तार पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा सेमीकंडक्टर सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए क्रिस्टल मैट्रिक्स लिमिटेड और सुची सेमिकॉन प्राइवेट लिमिटेड की यूनिट्स पर भी निवेश किया जाएगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट को मजबूत करने से जुड़ा एक नीतिगत निर्णय भी शामिल है। इन फैसलों से कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिल सकता है।

**पश्चिम एशिया के तनाव के बीच आपातकालीन ऋण योजना-** भू-राजनीतिक उथल-पुथल का संज्ञान लेते हुए सरकार ने घरेलू उद्योगों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने का भी निर्णय लिया है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पश्चिम एशिया में चल रहे मौजूदा संघर्ष के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण 'आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना' को स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इससे वैश्विक संकट के समय में उद्योगों को नकदी की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा और उनका संचालन सुचारू रूप से चलता रहेगा।



### 'कपास क्रांति' से बदलेगी 32 लाख किसानों की किस्मत

- देश के 32 लाख कपास किसानों को सीधा फायदा पहुंचाने के लिए कैबिनेट ने 'कपास क्रांति' नाम से एक ऐतिहासिक पहल को मंजूरी दी है। मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, भारत वर्तमान में 297 लाख गांठ उत्पादन के साथ दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपास उत्पादक देश है। हालांकि, 2030-31 तक कपास की यह मांग बढ़कर 450 लाख गांठ तक पहुंचने का अनुमान है।
- इस बढ़ती मांग को पूरा करने और क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार ने 5,669 करोड़ रुपये की एक विस्तृत परियोजना को मंजूरी दी है। यह फंड मुख्य रूप से अनुसंधान, उत्पादन तकनीकों को बढ़ाने और किसानों को नए जमाने के फाइबर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने पर खर्च किया जाएगा।

### सेमीकंडक्टर यूनिट्स और वडीनार में जहाज मरम्मत सुविधा

- तकनीकी और समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर के मोर्चे पर भी सरकार ने बड़े कदम उठाए हैं। कैबिनेट ने 3,936 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत के साथ 'क्रिस्टल' और 'सूचि' नामक दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को स्थापित करने की मंजूरी दी है।
- इसके साथ ही, समुद्री बुनियादी ढांचे को विश्वस्तरीय बनाने के लिए गुजरात के वडीनार में एक नई जहाज मरम्मत सुविधा स्थापित करने का भी फैसला लिया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इसके लिए 1,570 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है, जो भारत की समुद्री मरम्मत क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

### सेक्टर के अनुसार प्रभाव

**कृषि (कपास):** 5,669 करोड़ रुपये के निवेश से उत्पादन तकनीक और अनुसंधान में वृद्धि होगी, जिससे भारत 2030-31 तक 450 लाख गांठ कपास की मांग पूरी करने में सक्षम होगा।

**तकनीक (सेमीकंडक्टर):** 3,936 करोड़ रुपये से बनने वाले 'क्रिस्टल' और 'सूचि' प्रोजेक्ट्स से भारत सेमीकंडक्टर हब बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ेगा।

**समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर:** वडीनार में जहाज मरम्मत सुविधा से भारत के बंदरगाहों की क्षमता बढ़ेगी और विदेशी डॉकयार्ड पर निर्भरता कम होगी।

सरकार के ये रणनीतिक फैसले कृषि, तकनीक और इंफ्रास्ट्रक्चर में आत्मनिर्भरता हासिल करने की एक स्पष्ट दिशा तय करते हैं। 'कपास क्रांति' के जरिए किसानों की आय बढ़ाने से लेकर सेमीकंडक्टर मिशन और वडीनार इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट तक, ये कदम न केवल भविष्य की घरेलू मांग को पूरा करेंगे, बल्कि वैश्विक पटल पर भारत को एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था के रूप में भी स्थापित करेंगे।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

# भारत बनेगा ग्लोबल एविएशन हब



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

भारत को ग्लोबल एविएशन हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और एयरबस इंडिया के प्रमुख की मुलाकात में एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग और एमआरओ क्षमताओं पर चर्चा।

भारत को एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग और आपूर्ति शृंखला का एक प्रमुख वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में सरकार ने कदम तेज कर दिए हैं। बुधवार को केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक जुर्गन वेस्टरमीयर के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस चर्चा का मुख्य फोकस भारत में विमानन से जुड़ी क्षमताओं और एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और संचालन) का विस्तार कर देश को एक ग्लोबल एविएशन हब के रूप में स्थापित करना है।

**बैठक के प्रमुख बिंदु और लक्ष्य-** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इसे एक बेहद उत्पादक बैठक करार दिया। इस उच्च स्तरीय चर्चा के मुख्य एजेंडे में निम्नलिखित बिंदु शामिल रहे:

**सोर्सिंग और सप्लाई चेन:** भारत से विमानन उपकरणों की सोर्सिंग को मजबूत करना और आपूर्ति शृंखलाओं को बड़े पैमाने पर बढ़ाना।

**मैन्युफैक्चरिंग और एमआरओ:** देश में एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग को आगे बढ़ाना और एमआरओ क्षमताओं को बेहतर करना।

**कौशल विकास:** विमानन क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) की पहलों को और गहरा करना।

यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब भारत एयरोस्पेस क्षेत्र में अधिक स्थानीयकरण पर जोर दे रहा है और खुद को विमान तथा उसके कलपुर्जों के उत्पादन के लिए एक प्रमुख वैश्विक हब के रूप में उभारने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत में बैंक ऋण वृद्धि मजबूत रही

# मजबूत मांग से बैंक लोन में 15.9 फीसदी का उछाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत में बैंक ऋण वृद्धि मजबूत रही, जिसमें गैर-खाद्य ऋण 10.9% से बढ़कर 15.9% तक पहुंच गया। कुल बकाया ऋण मार्च 2026 तक 212.9 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष से 29.2 लाख करोड़ रुपये अधिक है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के बैंक ऋण वृद्धि ने मजबूत गति बनाए रखी है। गैर-खाद्य ऋण में पिछले वर्ष के 10.9% की तुलना में 15.9% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, यह उछाल अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत मांग को दशार्ता है। मार्च 2026 तक कुल बकाया ऋण 212.9 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 29.2 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि है।




**किन कारणों से दिखी यह वृद्धि-** इस प्रभावशाली वृद्धि के पीछे कम ब्याज दर वाला वातावरण और सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देना प्रमुख कारण रहे। संरचनात्मक सुधारों के साथ मिलकर, इन पहलों ने निजी निवेश को आकर्षित करने और कॉरपोरेट व व्यक्तिगत उधारकताओं के बीच ऋण की स्वीकार्यता में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**अर्थव्यवस्था पर प्रभाव-** ऋण में यह मजबूत विस्तार एक लचीले घरेलू आर्थिक माहौल और विभिन्न क्षेत्रों में उधार लेने की बढ़ती प्रवृत्ति को दशार्ता है। ऋण की बढ़ी हुई स्वीकार्यता ने व्यावसायिक विस्तार, अचल संपत्तियों में निवेश और टिकाऊ वस्तुओं की खपत का समर्थन किया है, जिससे औद्योगिक गतिविधि और रोजगार सृजन में वृद्धि हुई है।

वैश्विक अनिश्चितताओं, जैसे भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद, भारत ने मजबूत आर्थिक लचीलापन दिखाया और यह विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है।

**बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका-** बैंकों का क्षेत्र, जिसे अच्छी तरह से पूंजीकृत बताया गया है, ऐतिहासिक रूप से निम्न स्तर की तनावग्रस्त परिसंपत्तियों और निरंतर लाभप्रदता के साथ, आर्थिक विकास का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सरकार द्वारा ऋण तक पहुँच को औपचारिक बनाने और लोकतान्त्रिक बनाने के निरंतर प्रयासों ने अर्थव्यवस्था में ऋण के व्यापक विस्तार में और योगदान दिया है।

### विभिन्न क्षेत्रों में ऋण का विस्तार

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ऋण का विस्तार व्यापक रहा, जिसमें सेवा क्षेत्र सबसे आगे रहा। इसके बाद व्यक्तिगत ऋण, कृषि और संबद्ध गतिविधियां, और उद्योग क्षेत्र का स्थान रहा।

**कृषि और संबद्ध क्षेत्र:** इस क्षेत्र में ऋण वृद्धि 15.7% रही, जो पिछले वित्तीय वर्ष के 10.4% से काफी अधिक है। यह वृद्धि ग्रामीण मांग में निरंतरता और कृषि क्षेत्र में ऋण वितरण के औपचारिकरण में सुधार को दशार्ती है।

**औद्योगिक ऋण:** औद्योगिक ऋण में भी तेज उछाल देखा गया, जो पिछले वर्ष के 8.2% की तुलना में 15% की दर से बढ़ा। सूक्ष्म और लघु उद्योगों ने 33.1% की मजबूत वृद्धि दर्ज की, जबकि मध्यम उद्योगों में 21.7% की वृद्धि देखी गई। अवसंरचना, आधार धातु, रसायन और पेट्रोलियम-संबंधित उद्योगों ने औद्योगिक ऋण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेवा क्षेत्र: सभी क्षेत्रों में सेवा क्षेत्र ने सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की, जहां ऋण में 19% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष के 12% से अधिक है।

## पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच

# 2.51 लाख रुपये प्रति किग्रा के पार, सोने पर दबाव जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी की कीमतों में 1,500 रुपये का भारी उछाल आया है, जबकि सोने पर दबाव देखा जा रहा है। पूरी न्यूज स्टोरी पढ़ें और जानें कमोडिटी बाजार का आउटलुक।

पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख के बीच मंगलवार को कमोडिटी बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक ओर जहां चांदी की कीमतों में भारी उछाल आया है, वहीं सुरक्षित निवेश के बदलते रुझानों के कारण सोने की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का ध्यान अब अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड यील्ड की तरफ मुड़ गया है।

**चांदी चमकी, सोने की चमक पड़ी फीकी-** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को चांदी की कीमत 1,500 रुपये उछलकर 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,49,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। दूसरी ओर, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 300 रुपये गिरकर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया (सभी करों सहित)। अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो, हाजिर चांदी 1.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73.51 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई, जबकि हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,549.57 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

सोने की कीमतों में गिरावट के पीछे मुख्य रूप से व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण और मध्य पूर्व का तनाव है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी) सौमिल गांधी के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की नाजुक सुरक्षा स्थिति और मिसाइल हमलों की खबरों ने ऊर्जा-आधारित मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इसके कारण केंद्रीय बैंकों द्वारा लंबे समय तक सख्त मौद्रिक नीति अपनाए जाने की आशंका प्रबल हुई है।

## यूपी समेत 9 राज्यों में बारिश, बिहार में ओले गिरे, बिजली गिरने से 2 की मौत




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में बुधवार को बारिश हुई। वहीं बिहार, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में ओले भी गिरे।

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में गोदाम में रखा 100 क्विंटल गेहूं भीग गया। राज्य में अधिकतम तापमान 40त्ज से नीचे आ गया है। आज 44 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है।

बिहार में पटना के इलाकों में ओले भी गिरे। यहां दोपहर में ही अंधेरा छा गया। पूर्णिया में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम समेत ऊंची चोटियों पर लगातार चौथे दिन बर्फबारी हुई।

गुजरात का राजकोट देश में सबसे गर्म रहा। यहां का तापमान 42.9त्ज दर्ज किया गया। वहीं महाराष्ट्र के वाशिम में तापमान 42.6त्ज रहा। राजस्थान के फलोदी में सबसे ज्यादा तापमान 42.8त्ज दर्ज किया गया। जयपुर सहित कई जिलों में बुधवार को तेज धूप रही। जयपुर में सड़कों पर पानी का भी छिड़काव किया गया। मौसम विभाग ने आज और कल 7 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 8 मई से हीटवेव की भी चेतावनी दी है।

### बांग्लादेश की सत्ताधारी पार्टी के नेता ने भाजपा को बधाई दी

# बंगाल में भाजपा सरकार,बांग्लादेश को लोगों की वापसी का डर :बांग्लादेशी मंत्री बोले- उम्मीद है जबरन नहीं भेजा जाएगा


ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा की जीत के बाद बांग्लादेश सरकार को आशंका है कि लोगों को जबरन भारत से निकाला जा सकता है। अब इसे लेकर बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा उम्मीद है कि भारत से लोगों को जबरन सीमा पार भेजने यानी 'पुशबैक' की घटनाएं नहीं बढ़ेंगी।

सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि वे नहीं चाहते कि किसी को अवैध प्रवासी बताकर भारत से बांग्लादेश की तरफ धकेला जाए। इसी के मद्देनजर बांग्लादेश की बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

इससे पहले बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने भी कहा था कि अगर ऐसे मामले होते हैं, तो बांग्लादेश कार्रवाई करेगा। पुशबैक का मतलब किसी व्यक्ति को जबरन सीमा पार भेज देना। पिछले कुछ सालों में भारत और बांग्लादेश की सीमा पर ऐसे मामले सामने आते रहे हैं। दरअसल बंगाल चुनाव के दौरान इखढ ने ममता बनर्जी की सरकार पर आरोप लगाया था उसने बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों को शरण दी है। उधर बांग्लादेश की सत्ताधारी पार्टी इठढ के सूचना सचिव अजीजुल बारी हेलाल ने इखढ को जीत की बधाई दी और कहा कि इससे भारत-बांग्लादेश संबंध मजबूत हो सकते हैं।

उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर तीस्ता जल बंटवारे समझौते में देरी करने का आरोप लगाया और कहा कि वह इसमें सबसे बड़ी रुकावट थी। उन्होंने दावा किया कि यह समझौता बांग्लादेश सरकार और मोदी सरकार दोनों ही चाहते थे। हेलाल ने उम्मीद जताई कि सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बनी सरकार भारत और बांग्लादेश के रिश्तों को बेहतर बनाएगी और तीस्ता समझौते को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि भारत के राज्यों में बांग्लादेश के साथ सबसे लंबी सीमा पश्चिम बंगाल की ही लगती है। इसलिए वहां की राजनीति का असर सीधे दोनों के संबंधों पर पड़ता है। वहां सत्ता बदलना दोनों देशों के लिए अच्छा है। इससे दोनों देशों के बीच सीमा मुद्दों पर भी सुधार हो सकता



## बंगाल में सुवेंदु अधिकारी के पीए की हत्या, नॉर्थ 24 परगना में 4 गोलियां मारी

पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना स्थित मध्यमग्राम में भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की बुधवार रात 10.30 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। चंद्रनाथ स्कॉर्पियो पर ड्राइविंग सीट के बगल में बैठे थे। उनके साथ ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति भी था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक कार पीछे से आई और स्कॉर्पियो के सामने जाकर रास्ता रोक दिया। फिर एक बाइक पर हमलावर आया और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। कुल 10 राउंड फायर हुआ। चंद्रनाथ को 4 गोलियां लगीं। इनमें दो गोलियां सीने से आर-पार हो गईं। एक गोली पेट में लगी।

कार में बैठे एक अन्य व्यक्ति को भी दाहिने हाथ, पेट और छाती में गोली लगी हैं। ड्राइवर भी जख्मी है। हमले में ऑस्ट्रेलियन ग्लॉक पिस्टल का इस्तेमाल किया गया था। भाजपा ने टीएमसी पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। इस घटना के करीब 1 घंटे बाद रात करीब 12.30 बजे बशीरहाट जिले में रोहित रॉय नाम के भाजपा कार्यकर्ता पर भी फायरिंग हुई। उनकी हालत गंभीर है। राज्य में 4 मई को चुनावी नतीजों के बाद अब तक 5 लोगों की हत्या हो चुकी है।

## लंबे समय से अटका है जल बंटवारा समझौता

1815 में नेपाल के राजा और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच तीस्ता नदी के पानी को लेकर समझौता हुआ था। तब राजा ने नदी के बड़े हिस्से का नियंत्रण अंग्रेजों को सौंप दिया। बांग्लादेश के आजाद होने के 12 साल बाद 1983 में दोनों देशों के बीच अंतरिम समझौता हुआ।

इसमें बांग्लादेश को 36% और भारत को 39% पानी देने की बात थी, जबकि 25% हिस्से पर बाद में फैसला होना था। लेकिन यह समझौता भी पूरी तरह लागू नहीं हो पाया। बाद में बांग्लादेश ने कहना शुरू किया कि उसे जितना पानी मिल रहा है, वो उसकी जरूरत के हिसाब से कम है। सूखे में उसका इतने पानी से गुजारा नहीं हो पाता है।

साल 2008 में शेख हसीना के पीएम बनने के बाद से बांग्लादेश की मांग तेज होने लगी। 2011 में जब कांग्रेस की सरकार थी तब भारत, तीस्ता नदी जल समझौता पर दस्तखत करने को तैयार हो गया था। इसमें बांग्लादेश को 37.5% और भारत को 42.5% पानी देने की बात थी। बाकी 20% किसी देश को देने के लिए तय नहीं था। इसे ह्यअनएलोकेटेडह्व या रिजर्व पानी माना गया था।

ये हिस्सा नदी के प्राकृतिक बहाव, पर्यावरण और जरूरत के हिसाब से छोड़ा जाता है, ताकि नदी सूख न जाए और ईकोसिस्टम बना रहे। हालांकि, तब ममता बनर्जी की नाराजगी की वजह से मनमोहन सरकार को अपने कदम पीछे खींचने पड़े थे। साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी ढट बने। एक साल बाद वो बंगाल की उट ममता बनर्जी के साथ बांग्लादेश गए। इस दौरान दोनों नेताओं ने बांग्लादेश को तीस्ता के बंटवारे पर एक सहमति का यकीन दिलाया था। लेकिन 11 साल बीतने के बावजूद अब तक तीस्ता नदी जल समझौते का समाधान नहीं निकल पाया है।

### किसी भी सैन्य हमले में सबसे पहले यही प्रहार करेंगी

# भारत- पहली बार 50 हजार जवानों की अलग ड्रोन फोर्स

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर और वैश्विक युद्धों (रूस-यूक्रेन व पश्चिम एशिया) से सबक लेते हुए भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान ने एक ड्रोन फोर्स बनाने का निर्णय लिया है। यह फोर्स किसी भी सैन्य कार्रवाई में फर्स्ट रेस्पोंडर (पहली जवाबी कार्रवाई) के तौर पर तैनात की जाएगी। इसे डेटा और कॉग्निटिव वारफेयर फोर्स का तकनीकी समर्थन होगा।

इंटीग्रेटेड रक्षा मुख्यालय के अनुसार इस फोर्स के लिए अभी 50 हजार सैन्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अगले 3 साल में 15 नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए जाएंगे। यहां सिम्युलेटर और वर्चुअल रियलिटी के जरिए रीयल-टाइम बैटल ट्रेनिंग दी जाएगी।

भविष्य में बीएसएफ और आईटीबीपी जैसे सुरक्षा बलों को भी इस नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। यह फोर्स इंटेलिजेंस, सर्विलांस और सटीक प्रहार की दोहरी भूमिका निभाएगी। इस तंत्र को वायुसेना के इंटीग्रेटेड एयर कमांड और सेना के आकाशतीर सिस्टम का कवच मिलेगा।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत ने खुद को रक्षा उत्पादन में काफी मजबूत किया है। यह 1.54 लाख करोड़ तक पहुंच गया है।



तीनों सेनाओं की थिएटर कमान बन रही है। दुश्मन के सस्ते ड्रोन्स से निपटने के लिए अब किफायती सॉफ्ट किल (जैमिंग/स्पूफिंग) और हार्ड किल (लेजर-आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। बता दें कि ड्रोन फोर्स का विचार पिछले साल तब आया, जब पाकिस्तान ने 1,000 ड्रोन्स से हमला किया। उसका मकसद हमारे एयर डिफेंस गैप्स को समझना और महंगे मिसाइल डिफेंस सिस्टम को सस्ते ड्रोन्स के जरिए आर्थिक नुकसान पहुंचाना था।

सेना की योजना इस ड्रोन फोर्स के हर जवान को ड्रोन चलाने की बेसिक ट्रेनिंग देने की है। लक्ष्य यह है कि युद्ध के मैदान में हर फौजी के पास अपना ड्रोन हो। इसके अलावा, सेना की प्रत्येक कोर में 8,000 ड्रोन्स शामिल करने की योजना है, जिससे एक लाख ड्रोन्स की विशाल शक्ति तैयार होगी।

हमारे हथियारः- इस साल 120 डिफेंस स्टार्टअप खुले ? 20 नई कंपनियां सिर्फ ड्रोन, एआई, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर में एक्टिव हैं। इनकी मदद 16 हजार एमएसएमई कर रहे हैं। 7.85 लाख करोड़ के रक्षा बजट का 75% हिस्सा भारत में ही खर्च हो रहा। जबकि इस एक साल में भारत का कुल रक्षा आयात 11 से 15% घटा है। हमारा कौशलः- ड्रोन के दिल-दिमाग भी यहीं बन रहे, मिसाइल का दिल यानी सीकर्स (अहम सेंसर) और दिमाग यानी इंजन। इन्हें भारतीय कंपनियां पीटीसी इंडस्ट्रीज, डेटा पैटर्न्स और सोलर इंडस्ट्रीज बना रहे हैं। पहले ये हिस्से रूस से मिलते थे। 2015 में ब्रह्मोस मिसाइल के 15% पुर्जे स्वदेशी थे, आज 72% हैं।

### मिसाइलों का मेंटेनेंस भारत में ही होगा

इधर यूरोपीय रक्षा दिग्गज कंपनी एमबीडीए के साथ भारतीय वायुसेना का एक अहम समझौता हुआ है। समझौते के तहत राफेल लड़ाकू विमान में लगने वाली मीका एयर टू एयर मिसाइलों का रखरखाव अब भारत में ही वायुसेना करेगी। इसके लिए देश में इनके मेंटेनेंस, रिपेयर, मिड लाइफ ओवरहॉल की सुविधा तैयार की जाएगी।यह कदम भारत द्वारा प्रस्तावित 114 अतिरिक्त मल्टीरोल लड़ाकू विमानों के अधिग्रहण से ठीक पहले उठाया गया है। बता दें कि यह 60-80 किमी रेंज की छोटी से मध्यम दूरी वाली मिसाइल है

## ऐसे ड्रोन जो जाम नहीं होंगे और बिना जीपीएस चलेंगे




एयर कमोडोर गौरव एम त्रिपाठी (रिटायर्ड) के मुताबिक भविष्य के ऑपरेशन मल्टी-डोमेन होंगे। अंतरिक्ष से समुद्र तक। इसमें कम्युनिकेशन ह्यचेन नहीं, बल्कि एक साथ चलने वाला ह्यवेब होगा। त्रिपाठी ने बताया कि इसके अलावा, अगली बार हमारा सामना ह्यहार्डन्ड' ड्रोन से हो सकता है, जिन्हें जाम करना मुश्किल होगा, जिनमें बेहतर नेविगेशन, जीपीएस के बिना काम करने की क्षमता, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल होमिंग और झुंड में हमला करने की ताकत होगी। इसके लिए हमें एंटी-ड्रोन क्षमता का दायरा सभी अहम ठिकानों तक बढ़ाना होगा। कम्युनिकेशन सिस्टम को इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर, साइबर वॉरफेयर के खिलाफ मजबूत बनाना होगा।

### अमेरिका-ईरान जंग 24 घंटे में खत्म हो सकती है:

# ट्रम्प बोले- तेहरान परमाणु हथियार नहीं रखने को तैयार, ईरान ने कहा- अभी फैसला नहीं हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव/तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि वे अमेरिका के साथ जंग रोकने और परमाणु प्रोग्राम से जुड़े समझौते के बेहद करीब पहुंच गए हैं। साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर बातचीत विफल होती है तो बमबारी फिर शुरू की जा सकती है।

इससे पहले बुधवार को अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट में बताया गया था कि ईरान 48 घंटे के भीतर सीजफायर को लेकर सहमति दे सकता है। हालांकि ईरान ने इसे लेकर कोई साफ जवाब नहीं दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने कहा कि समझौते के करीब होने की खबरों को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया बताया। उन्होंने कहा कि हमने प्रस्ताव पर जवाब नहीं दिया है, हालांकि पाकिस्तान के जरिए बातचीत जारी है।

ईरान की मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अमेरिकी प्रस्ताव में कुछ ऐसी शर्तें हैं जो स्वीकार नहीं की जा सकतीं, लेकिन यह साफ नहीं किया गया कि वे कौन सी शर्तें हैं। ईरानी संसद की विदेश मामलों की समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजई ने इसे ह्यअमेरिका की विशलिस्ट बताया है।

अमेरिका-ईरान समझौता आगे बढ़ाः रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों देशों के बीच 14 पॉइंट वाला समझौता तैयार है। हालांकि अभी यह फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन बातचीत पहले से ज्यादा आगे बढ़ चुकी है।

**अमेरिका ने प्रस्ताव पेश किया:** अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही बहाल कराने के लिए वठरठ में नया प्रस्ताव पेश किया है। दूसरी तरफ ईरान ने सदस्य देशों से इस प्रस्ताव को खारिज करने की अपील की।

चीन-ईरान के बीच बैठकः चीन और ईरान के बीच बीजिंग में हाई-लेवल बैठक हुई। चीन ने युद्ध तुरंत रोकने की बात कही और ईरान को समर्थन का भरोसा दिया। वहीं ईरान चाहता है कि ट्रम्प की चीन यात्रा के दौरान बीजिंग अमेरिका के दबाव में कोई ऐसा फैसला न ले जिससे तेहरान को नुकसान हो।

**ट्रम्प बोले- स्थिति कंट्रोल में है:** ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान की नौसेना, वायुसेना, मिसाइल सिस्टम और रडार नेटवर्क को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि स्थिति हमारे कंट्रोल में है और अगर समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका पहले से बड़े हमले करेगा।

**होर्मुज में फ्रांसीसी जहाज पर हमला:** फ्रांस की शिपिंग कंपनी ने बताया कि उसके एक कार्गो जहाज पर मिसाइल या ड्रोन से हमला हुआ, जिसमें कुछ क्रू मेंबर घायल हो गए।

### ट्रम्प बोले- स्थिति हमारे कंट्रोल में है

ट्रम्प ने कहा कि हम ईरान को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं देंगे। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा- हम ऐसे लोगों से बातचीत कर रहे हैं जो समझौता करना चाहते हैं। अब देखना यह है कि क्या वे ऐसा समझौता कर पाते हैं जो हमारे लिए संतोषजनक हो। स्थिति हमारे कंट्रोल में है। अमेरिकी नौसेना ने शानदार काम किया है। यह स्टील की दीवार की तरह है। खासकर ईरानी जहाज इसमें से नहीं गुजर पा रहे। नाकेबंदी अविश्वसनीय है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ईरान युद्ध खत्म करने के लिए ट्रम्प लगातार दबाव की रणनीति आजमा रहे हैं। उन्हें किसी जादुई फॉर्मूले की तलाश है। हालांकि, एक्सपर्ट्स के मुताबिक इस संकट का कोई आसान हल नहीं। उनके मुताबिक ट्रम्प की सबसे बड़ी भूल यही है कि वे ईरान की रणनीति, मनोविज्ञान और दबाव झेलने की क्षमता को कम आंक रहे हैं। ईरानी लीडरशिप मानती है कि बढ़त उसके पास है, क्योंकि होर्मुज स्ट्रेट बंद रहने से तेल-गैस की सप्लाई प्रभावित हो रही है। ऊर्जा की कीमतें बढ़ने का ट्रम्प को राजनीतिक नुकसान भी संभव है। विशेषज्ञों का कहना है कि आर्थिक दबाव समय के साथ असर कर सकता है, लेकिन ईरान को सम्मानजनक रास्ता दिए बिना कोई समझौता मुश्किल है।



# द्वारकेश पॉडकास्ट के मुरीद टेक दिग्गज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एआई की जादुई दुनिया में जहां बड़े-बड़े दिग्गज भी तकनीक के शोर में खो जाते हैं, वहीं द्वारकेश पटेल सिलिकॉन वैली के एआई समुदाय की सबसे अहम आवाज बनकर उभरे हैं। 25 वर्षीय भारतीय मूल के द्वारकेश के पॉडकास्ट को प्रति एपिसोड औसतन 20 लाख बार सुना जाता है। मार्क जकरबर्ग, सत्या नडेला और जैंसन हुआंग जैसे दिग्गज सीईओ उनके साथ घंटों तक चर्चाएं करते हैं। लोकप्रियता ऐसी है कि उनके साथ सेल्फी लेने के लिए होड़ लग जाती है। पटेल इंटरव्यू के लिए गहन अध्ययन करते हैं और एआई की जटिल भाषा को नए अंदाज में पेश करते हैं। द्वारकेश के पॉडकॉस्ट का सफर 2020 में एक कॉलेज हॉस्टल के कमरे से शुरू हुआ था। कोरोना महामारी के दौरान जब सब कुछ ठप हो गया था, तब यूनिवर्सिटी ऑफ टैक्सस के छात्र द्वारकेश कुछ अलग करने की तलाश में थे। उन्होंने अपनी जिज्ञासा के दम पर विशेषज्ञों को ईमेल करना शुरू किया।





# दावा- अमेरिकी विमान कतर के एयरस्पेस से लापता, इमरजेंसी सिग्नल देकर रडार से गायब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव/तेहरान

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी वायुसेना का एक KC-135 स्ट्रेटोटैंकर विमान कतर के ऊपर इमरजेंसी सिग्नल देने के बाद लापता हो गया। KC-135 स्ट्रेटोटैंकर को फ्लाइंग गैस स्टेशन कहा जाता है, क्योंकि यह हवा में अन्य सैन्य विमानों को ईंधन भरने में सक्षम है।

ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, विमान ने उड़ान के दौरान 7700ह्ल इमरजेंसी सिग्नल भेजा। यह सिग्नल तब दिया जाता है जब विमान में कोई गंभीर समस्या हो। हालांकि इसमें ईरान की किसी भी भूमिका की बात नहीं कही गई। यह विमान अल धफरा एयर बेस से उड़ा था और फारस की खाड़ी के ऊपर उड़ रहा था। इसी दौरान कतर के पास उसका सिग्नल कुछ समय के लिए गायब हो गया। फ्लाइट डेटा के मुताबिक, विमान कुछ देर तक आसमान में चक्कर लगाता रहा और फिर नीचे उतरने लगा।



अभी तक यह साफ नहीं है कि विमान में क्या खराबी आई थी। यह भी नहीं पता कि यह कोई तकनीकी समस्या थी या कुछ और। अमेरिका ने इसे लेकर जानकारी शेयर नहीं की है। ईरान ने वअए के फुजैराह में एक पेट्रोलियम प्लांट पर ड्रोन हमला किया। इससे इंडस्ट्री एरिया में आग भड़क उठी। इसमें 3 भारतीय भी घायल हुए हैं। अमेरिका ने होर्मुज के आसपास प्रोजेक्ट फ्रीडम पहल शुरू किया। इसके तहत होर्मुज में फंसे विदेशी जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद करने का वायदा किया गया है। होर्मुज स्ट्रेट में दक्षिण कोरिया के एक जहाज पर हमला हुआ जिससे आग लग गई। ट्रम्प का कहना है कि यह हमला ईरान ने किया।

## अनूठी परंपरा; मियाओ सिस्टर्स फेस्टिवल:रंग-बिरंगे चावलों से बयां होता है दिल का हाल



तस्वीर थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक की है, जहां मियाओ समुदाय का प्रसिद्ध ह्यमियाओ सिस्टर्स फेस्टिवलह्न मनाया गया। इस दौरान आयोजित परेड में युवतियों ने अपनी सांस्कृतिक वेशभूषा और जटिल नक्काशी वाले भारी चांदी के आभूषण पहनकर हिस्सा लिया।

यह मुख्य रूप से चीन का त्योहार है, जहां मियाओ समुदाय की सबसे अधिक आबादी है। इसके अलावा थाईलैंड और वियतनाम जैसे देशों में भी यह त्योहार मनाया जाता है। इस दिन युवा लड़के-लड़कियां पारंपरिक गीत गाकर, वाद्ययंत्र बजाकर और नृत्य के जरिए एक-दूसरे से मिलते हैं और अपना जीवनसाथी चुनते हैं।

इस त्योहार की सबसे खास परंपरा ह्यसिस्टर्स राइसह्न है। इस अवसर पर पेड़ों की पत्तियों और फूलों का उपयोग कर-के रंग-बिरंगे चावल पकाते हैं। युवतियां इन खास चावलों को रूमालों या टोकरियों में रखकर युवकों को भेंट करती हैं। चावलों के साथ दिए गए अन्य छोटे प्रतीक युवाओं के बीच प्यार, इनकार या दोस्ती के संदेश को दर्शाते हैं।

### मियाओ बहनों के भोजन उत्सव का इतिहास और किंवदंती


लोककथाओं के अनुसार, एक समय की बात है, एक बूढ़े व्यक्ति और उसकी पत्नी की तीन सुंदर बेटियाँ थीं। एक दिन, जब वे नदी किनारे खेल रही थीं, तो लड़कियों को अकेलापन और प्रेम की पीड़ा महसूस हुई। दाढ़ी वाले देवता, झांग गुओलाओ, ने लड़कियों की आत्मा में प्रवेश किया और उन्हें झींगा, मछली और अन्य विशेष सामग्रियों से भरे हुए पाँच रंगों के चिपचिपे चावल के रोल बनाने के लिए कहा। जब युवक पहाड़ से नीचे आए, तो सुंदर लड़कियों ने उन्हें चावल भेंट किए और वे उनसे प्रेम करने लगे। चीन का सिस्टर्स मील फेस्टिवल मियाओ संस्कृति में गहराई से जुड़ा हुआ है, जो सैकड़ों साल पुराना है। मूल रूप से यह एक प्रेम-प्रसंग की रस्म के रूप में शुरू हुआ था, जिसमें युवा मियाओ लड़कियां विशेष भोजन तैयार करती थीं और शादी के इच्छुक दूल्हों को भेंट करती थीं। रंगीन रेशम में लिपटे और प्रतीकात्मक सजावट से सजे ये भोजन, एक महिला को अपने प्रेमी के प्रति भावनाओं के बारे में गुप्त संदेश देते थे। चावल के पैकेट के अंदर अलग-अलग वस्तुएं अलग-अलग भावनाओं को दर्शातीं थीं,दो चॉपस्टिक रुचि का संकेत देती थीं, जबकि एक मिर्च अस्वीकृति का प्रतीक थी।

### जब्त ईरानी जहाज सौंपा

अमेरिकी सेना ने जब्त ईरानी जहाज टूस्का को पाकिस्तान को सौंप दिया। इसे 22 क्रू मेंबर के साथ ईरान भेजा गया। अमेरिकी नेवी ने 21 अप्रैल को इस जहाज को पकड़ा था। ईरान में मोसाद से जुड़े होने के आरोप में लोगों को फांसी दे दी गई। इन पर जनवरी 2026 में तख्तापटल की साजिश का आरोप था। इस साल 25 राजनीतिक कैदियों को फांसी दी जा चुकी है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही से जुड़े प्रोजेक्ट फ्रीडमह्ल को कुछ समय के लिए रोका जा रहा है। यह फैसला ईरान के साथ संभावित समझौते को अंतिम रूप देने के लिए लिया गया है। ट्रम्प के मुताबिक, यह कदम पाकिस्तान और अन्य देशों के अनुरोध पर उठाया गया है। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि ईरान के खिलाफ लगाया गया ब्लॉकेड अभी भी जारी रहेगा।

## अंतर ढूंढो...



## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | 9 | | 10 | | ■ | ■ | |
| 11 | | | ■ | | ■ | 12 | | |
| ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |


### बाएं से दाएं

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

### ऊपर से नीचे

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बखन, खींच-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 50 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| टी | वी | सू | ह | क्या | ल | जी | टि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | मा | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | प | व | म | हे | डी. | म्म | सी | वें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | च | त | र | ट | क | वें | न | गां | थ |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# दुबई-कनाडा में बसे भारतीय MP में चलाएंगे गौशालाएं

# सोलर एनर्जी, सीएनजी, वाटर स्पोर्ट्स और पर्यटकों को रुकने की सुविधा भी मिलेगी

## इन जिलों में इतने एरिया में बनेंगी गौशालाएं



| जिला | जिस गांव/ तहसील में बनेगी | आवंटित जमीन (एकड़ में) |
|---|---|---|
| मंदसौर | कोड़िया शिवगढ़ (सीतामऊ) | 197.956 |
| जबलपुर | देहरीकलां, खुर्द (कुंडम) | 461.914 |
| रायसेन | चिकलोद कला (गौहरगंज) | 320.71 |
| दमोह | सीतानगर (पथरिया) | 511.335 |
| सागर | देवल (बीना) | 441.503 |
| पन्ना | शिकारपुरा (पवई) | 184.58 |
| विदिशा | लाड़पुर (नटेरन) | 158.579 |
| अशोकनगर | इंदौर (ईसागढ़) | 293.74 |
| छतरपुर | बेनीगंज (राजनगर) | 144.05 |
| छतरपुर | मौजा गोयरा (गौरिहार) | 143.2 |
| रतलाम | डाबड़ी (रावटी) | 156.02 |
| शाजापुर | उमरोद, देवास (पोलायकलां) | 129.999 |
| भिंड | पांडरी व रमपुरा | 291.038 |
| नरसिंहपुर | बेलखेड़ी शेड (गोटेगांव) | 184.617 |
| मऊगंज | मोरहना (हनुमना) | 130.004 |
| टीकमगढ़ | दांतगोरा ऊगड (पलेरा) | 129.999 |
| देवास | सेकली मोहम्मद खेड़ा (टोंकखुर्द) | 134.029 |
| खरगोन | मुराल्ला (बड़वाह) | 133.375 |
| राजगढ़ | तालोड़ी (ब्यावरा) | 142.715 |
| रीवा | गदही (सिरमौर) | 135.683 |
| शिवपुरी | बारई (बदरवास) | 182.339 |
| बैतूल | फुलबेरिया (घोड़ाडोंगरी) | 134.425 |
| मुरैना | सिलावली (पोरसा) | 125.8 |
| सीधी | खुटेली (बहरी) | 143.79 |
| सागर | महुआ खेड़ा (जैसीनगर) | 141.813 |
| दमोह | मौजाखड़ेरी (बटियागढ़) | 148.263 |
| राजगढ़ | कड़लावद (सारंगपुर) | 133.437 |



**सड़कों पर बेसहारा घूमते गौवंश एक तरफ चुनावी मुद्दा हैं। दूसरी तरफ देश भर की सरकारों के लिए बड़ी चुनौती। मध्य प्रदेश में इन बेसहारा गौवंश को आसरा देने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने एक रास्ता खोजा है। प्रदेश भर में 100 एकड़ से लेकर 500 एकड़ जमीन पर पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर स्वाबलंबी गौशालाएं खोली जाएंगी।**

दमोह जिले के पथरिया विधानसभा क्षेत्र के सीतानगर में 517 एकड़ में बनने वाली गौशाला का भूमिपूजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रण भेजा है। पीएमओ की तरफ से भूमिपूजन की तारीख तय होने के बाद पीएम मोदी देश की पहली स्वाबलंबी गौशाला की आधारशिला रखेंगे।

पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने बताया कि प्रदेश में अभी 7 जिलों में स्वाबलंबी गौशालाओं के लिए संस्थाओं और फर्मों का चयन हो गया है। दमोह के सीतानगर में करीब 517 एकड़ जमीन पर बनने वाली गौशाला के लिए दुबई और चीन में काम करने वाले एक प्रवासी भारतीय ने टेंडर लिया है। कई और ऐसे बडे.उद्यमी हैं जो देश-विदेश में काम रहे हैं। वे मध्य प्रदेश में गौशालाएं चलाएंगे।

### आमदनी बढ़ाने कई कामों की मिलेगी परमिशन

पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने कहा कि गौशाला का टेंडर लेने वालों को हमने आमदनी बढ़ाने के लिए कुछ और काम करने की अनुमति दी है। उन्हें पीपीपी मोड पर पैसा लगाना है। वे गौशाला में गोबर गैस से सीएनजी बना सकते हैं। अगर दस टन का सीएनजी प्लांट लगाया तो करीब 65 रुपए किलो के हिसाब से प्रतिदिन करीब 6-7 लाख की आमदनी अकेले उसी से होगी। उसके साथ में जो जैविक खाद बनेगा उसका पैसा मिलेगा।

### प्रति गाय 40 रुपए सहायता, वेलनेस सेंटर भी

सरकार की ओर से 40 रुपए प्रति गाय का पैसा मिलेगा। जब ब्रीडिंग यानी नस्ल सुधार का काम करेगा तो उसका पैसा अलग मिलेगा। गौशाला में अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार सोलर प्लांट भी लगा सकते हैं। गौशाला का संचालन करने वाली संस्थाएं अपने परिसर वेलनेस सेंटर यानी योगा, नेचुरोपैथी सेंटर भी चला सकते हैं। इसके लिए आयुष विभाग के सहयोग से प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र भी चला सकेंगे।

### रुकने, घूमने की सुविधा विकसित कर सकेंगे

पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने बताया कि गौशाला का संचालन करने वाली संस्थाएं परिसर में आने वाले पर्यटकों के ठहरने के लिए होम स्टे बना सकेंगे। शहरी इलाकों से सटी गौशालाओं में लोग घूमने गौसेवा करने भी आ सकेंगे।

### डैम, तालाब से लगी गौशालाओं में नौका विहार भी

जो गौशालाएं नदी, तालाब और डैम के आसपास हैं वे पर्यटकों के लिए नौका विहार, बोटिंग की सुविधा भी शुरू कर सकेंगी। उदाहरण के लिए दमोह से 18 किलोमीटर दूर सीतानगर में 517 एकड़ में बनने वाली गौशाला एक डैम से लगी हुई है। दमोह जिला मुख्यालय के करीब होने के चलते यहां लोकल पिकनिक स्पॉट के तौर पर भी यह गौशाला विकसित हो सकती है।

### एक गौशाला में कम से कम 15 हजार गौवंश रखा जाएगा

हमने जिस गौशाला के लिए न्यूनतम गौवंश की संख्या तय की है लोग उससे ज्यादा गौवंश रखेंगे क्योंकि गोबर गैस और सीएनजी बनाने के लिए गोबर की आवश्यकता पड़ेगी। तो स्वाभाविक है कि गौशाला में ज्यादा गौवंश रखेगा। मैं ऐसा मानता हूं कि किसी भी गौशाला में 15 हजार से कम गौवंश कोई भी नहीं रखेगा। किसी के पास यदि 120 एकड़ जमीन भी है तो भी वह 10 से 15 हजार के बीच गौवंश रखेगा। इससे प्रदेश में निराश्रित गौवंश की समस्या हल हो जाएगी। अभी 7 गौशालाओं के टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद संस्थाएं काम शुरू करने जा रहीं हैं। अभी करीब 34 गौशालाएं ऐसी हैं जिनके लिए जमीन शासन की ओर से हमें आवंटित हो गई है।

### गौशालाएं ऐसी होंगी कि लोग बच्चों का बर्थडे मनाने आएंगे

पशुपालन मंत्री कहते हैं कि यह ऐसा मॉडल बनेगा कि लोग गौशाला को देखने आएंगे और पिकनिक मनाने भी जाएंगे। लोग अपना और अपने बच्चों का जन्मदिन मनाने भी आएंगे। यह देश में पहला प्रयोग है। ये देश भर में पहली योजना है। इसके बारे में जिसने भी सुना उसने बहुत सराहा भी है। और यह भी कहा कि इससे अच्छा मॉडल कुछ और नहीं हो सकता।

### 90 रुपए किलो में एक कंपनी दूध लेने को तैयार

लखन पटेल ने बताया कि किनले वाटर कंपनी के लोग मेरे पास आए थे। उन्होंने कहा कि हम गौशालाओं से अनुबंध कर लेंगे और 90 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से दूध खरीदेंगे। जब गौशालाएं शुरू होंगी तो उनका एग्रीमेंट करा देंगे।

### गौशाला में 30% दुधारू जानवर रखे जा सकेंगे

गौशाला में सरकार ने यह व्यवस्था दी है कि 30 प्रतिशत दुधारू पशु रखे जा सकेंगे। उदाहरण के तौर पर 10 हजार गौवंश की क्षमता वाली गौशाला में 3 हजार दुधारू पशु और 7 हजार बेसहारा पशु रखे जा सकेंगे।

## दुबई-चीन में काम करने वाले चलाएंगे गौशालाएं

जिन सात गौशालाओं के लिए जिन संस्थाओं को टेंडर मिले है। उनका संचालन करने वालों में बॉम्बे, दिल्ली के लोग भी हैं। कुछ एनआरआई हैं। अशोकनगर में गौशाला काम लेने वाले कनाड़ा में रहते हैं। दमोह के सीतानगर की गौशाला काम जिन्होंने लिया है वे बॉम्बे के रहने वाले हैं। लेकिन उनका काम सिंगापुर और चाइना में हैं। लोगों को लगता है कि यह एक ऐसा काम है जिसमें आम के आम और गुठलियों के दाम मिलेंगे। यानी गौमाता की सेवा भी होगी और आमदनी भी होगी।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 07 मई, 2026

## सुभाषितानि

सुखार्थिनः कुतोविद्या नास्ति विद्यार्थिनः सुखम्।
सुखार्थी वा त्यजेद् विद्यां विद्यार्थी वा त्यजेत् सुखम्।।

**भावार्थ** : सुख की इच्छा हो तो दुःख न हो तो ज्ञान कहाँ से प्राप्त होता है? और विद्यार्थी को सुख कहाँ से मिलता है? जो सुख चाहता है उसे सीखने की आशा छोड़ देनी चाहिए और विद्यार्थी सुख भोगता है।

**अनेकसंशयोच्छेदि परोक्षार्थस्य दर्शकम्।**
**सर्वस्य लोचनं शास्त्रं यस्य नास्त्यन्ध एव सः।।**

**भावार्थ** : जो व्यक्ति अनेक शंकाओं को दूर करता है, परोक्ष वस्तु को दिखाता है, और सभी नेत्रों के शास्त्रों का अध्ययन नहीं किया है, वह आंख होते हुए भी अंधा है।

## सम्पादकीयम्

### महात्मायाः दृष्टिकोणः

संघर्षस्य प्रथमदिने एव तेहरान-नगरस्य समीपे मिनाब्-नगरस्य एकस्मिन् विद्यालये अमेरिकन-क्षेपणास्त्र-प्रहारेन शताधिकानां बालकानां प्राणाः गताः। किं इराणी-मातृणां दुःखं कल्पयितुं अपि आरब्धुं शक्यते येषां सन्तानं त्यक्तम् अस्ति? अपि च, पश्चिम एशियायाः जनानां कृते एकं विचारं त्यजन्तु ये बम्ब-क्षेपणास्त्र-विस्फोटस्य नित्य-आतङ्के जीवनं यापयन्ति-एतत् युद्धं तेषां जीवनं सदायै परिवर्तयितुं शक्नोति इति भयम् अनुभवन्ति महात्मायाः दृष्टिकोणः - अमेरिका-देशः इजरायल्-देशः च अस्य युद्धस्य आवश्यकतारूपेण चित्रणं कुर्वन्ति, परन्तु तत् असत्यम् एव। युद्धेन समाधानं न प्राप्यते। हिंसा नित्यं प्रतिहिंसां जनयति, यस्मिन् क्रमे मानवता एव बलिदानं भवति। युद्धस्य केवलं लाभार्थिनः सन्ति शस्त्रनिर्माणकम्पनयः, सत्ताधारिणः च ये तस्य आच्छादने राष्ट्रवादस्य उत्साहं प्रज्वाल्य स्वस्य अधिकारं रक्षितुं प्रयतन्ते राष्ट्रपिता महात्मा गान्धी हिंसायाः निरन्तरं विरोधं करोति स्म यतोहि तस्य मतेन तस्य किमपि सकारात्मकं परिणामं दृश्यते चेदपि सः लाभः केवलं अस्थायी एव भवति, यदा तु तस्य प्रतिकूलपरिणामाः स्थायिरूपेण भवन्ति युद्धस्य व्ययः युद्धं कदापि यथार्थतया आवश्यकं न भवितुम् अर्हति, यतः तस्य पश्चात् दुःखस्य, प्रतिशोधस्य, अशान्तिस्य, विनाशस्य च मार्गः त्यजति। एतादृशेभ्यः पश्चात्तापेभ्यः पुनः प्राप्तुं वर्षाणि यावत् समयः भवति। रूस-युक्रेन-सङ्घर्षं उदाहरणरूपेण गृहीत्वा युक्रेन-देशस्य आधारभूतसंरचनायाः क्षतिः एतावत् विस्तृता अस्ति यत् तस्य पुनर्निर्माणार्थं प्रायः ६०० अरब-डॉलर्-रूप्यकाणां आवश्यकता भविष्यति।

#### हार्दिकस्य प्रेमिका महीका शर्मा इत्यस्य सीएसके वर्सेस एमआई

# संघर्षस्य समये उत्सवस्य विडियो वायरलः अभवत्




ब्रह्मास्त्र ›› चेन्नई

इण्डियन प्रीमियरलीग २०२६ चेन्नैसुपरकिङ्गस्-मुम्बई-इण्डियन्स्-योः मध्ये एकः रोमाञ्चकारी क्षणः प्रकटितः यदा महीका-शर्मा-क्रीडाङ्गणस्य दर्शक-स्थानेषु उपविष्टायाः-प्रतिक्रिया कैमरे गृहीता, तत्क्षणमेव सामाजिक-माध्यमेषु वायरल्-रूपेण च प्रसारिता एम.ए.चिदम्बरम-क्रीडाङ्गणे अयं मेलः क्रीडितः, यत्र सम्पूर्णे क्रीडायाम् अनेकाः रोमाञ्चकारीणि क्षणाः अभवन्।

मैचस्य समये मुम्बई इण्डियन्स्-क्लबस्य बल्लेबाजः नमनधीरः अतीव निकटस्थं स्टम्पिंग्-आह्वानं बभूव; निर्णयस्य अनन्तरं महीका शर्मा-क्रीडाङ्गणे उपस्थितैः प्रशंसकैः सह-उल्लासेन उद्धूतवती। यदा गेन्दबाजः नूर अहमदः गुग्ली-प्रदानं कृतवान् तदा एषा घटना अभवत्; शॉट् क्रीडितुं प्रयतन्तः नमन धीर्ॊ स्वस्य क्रीजतः बहिः गतः परन्तु वितरणं पठितुं असफलः अभवत्, कन्दुकं च चूकितवान्। ततः विकेटकीपरः संजु सैमसनः शीघ्रं कन्दुकं सङ्गृह्य स्टम्पिंग इत्यस्य प्रयासं कृतवान्।

क्षेत्रे स्थिताः पंचाः निर्णयस्य विषये पूर्णतया आश्वस्ताः न आसन्, येन ते तृतीयपञ्चायिकं समीपं प्रकरणं निर्दिष्टुं प्रेरिताः। प्रथमं पुनः क्रीडाः परीक्षिताः यत् कन्दुकस्य बल्लेन सह सम्पर्कः कृतः वा इति; एकदा धारः नास्ति इति स्पष्टं जातं तदा स्टम्पिंग-स्थितेः समीक्षा कृता। मन्दगति-पुनरावृत्तिषु नमन-धीरस्य बल्लेबाजः क्रीजस्य अन्तः ग्राउण्ड् कृतः इति ज्ञातम्, येन तस्य 'नॉट् आउट्' इति निर्णयः प्राप्तः।

तृतीयपञ्चस्य निर्णयः विशालपर्दे ज्वलतिमात्रेण महीका शर्मा-क्रीडाङ्गणे उपस्थिता-मुम्बई-इण्डियन्स्-ध्वजं लहराय स्वस्य आनन्दं प्रकटितवती तस्याः उत्साहपूर्णप्रतिक्रिया कॅमेरे गृहीता, अल्पकालान्तरे एव एषः भिडियो विभिन्नेषु सामाजिकमाध्यमेषु द्रुतगत्या वायरल् अभवत्। प्रशंसकाः तस्याः प्रतिक्रियां सम्यक आनन्दितवन्तः, अनेके तस्य वर्णनं कृतवन्तः यत् एतत् मेलस्य मनोरञ्जकतमक्षणेषु अन्यतमम् इति।

मुम्बई इण्डियन्स्-क्रीडायाः समये महिका शर्मा बहुधा क्रीडाङ्गणे दृश्यते, यत्र सा भावुकतया दलस्य कृते जयजयकारं कुर्वती दृश्यते। सा हार्दिकपाण्ड्या सह स्वस्य सम्बन्धस्य विषये अपि प्रायः शीर्षकं करोति, यतः सा बहुवारं तस्य सह सार्वजनिकरूपेण दृष्टा अस्ति। तस्य उत्साहः, दलस्य समर्थनं च मेलनकाले अपि स्पष्टतया दृश्यते स्म।

#### द्विचक्रीयसभायां पूर्णप्रतिबन्धः

## अस्मिन् आदेशे द्विचक्रीयवाहनानां सहभागितानां सभानां

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

यावत् प्रशासनिकानुमतिः न प्राप्ता। तथैव धार्मिक राजनैतिकसांस्कृतिककार्यक्रमेषु सार्वजनिकमार्गेषु तंबूस्थापनं वा सामुदायिकभोजनस्य आयोजनं वा यथा यातायातप्रवाहं बाधते इति सख्यं निषिद्धम्

अस्मिन् आदेशे द्विचक्रीयवाहनानां सहभागितानां सभानां पूर्णप्रतिबन्धः कृतः अस्ति। अपि च डीजे-प्रणालीनां उपयोगः अपि निषिद्धः अस्ति। आदेशानुसारं सवेर्षां व्यक्तिनां संस्थानां च मध्यप्रदेशस्य शोरनियन्त्रणकानूनस्य तथा ध्वनिप्रदूषणस्य (विनियमननियन्त्रणं) नियमस्य प्रावधानानाम् सख्तीपूर्वकं पालनम् अनिवार्यम् अस्ति। आक्षेपार्हनारा, गीतं, तत्सदृशसामग्री वा लाउडस्पीकरद्वारा अथवा ध्वनिप्रवर्धनप्रणालीद्वारा प्रसारणं सख्यं निषिद्धम् अस्ति। एतादृशस्य कस्यापि उल्लङ्घनस्य सन्दर्भे डीजे-उपकरणस्य आपूर्तिं कर्तुं उत्तरदायी तंबूगृहं वा सेवाप्रदातृणां विरुद्धं कानूनी कार्रवाई अपि आरब्धा भविष्यति।

आदेशे अपि नियमः अस्ति यत् येषां आयोजनानां कृते प्रशासनिकानुमतिः प्रदत्ता अस्ति, तेषु अपि कस्यचित् विशिष्टस्य धर्मस्य समुदायस्य वा धार्मिकभावनाः आहतं कर्तुं शक्नुवन्ति इति नाराणां वा शब्दानां वा प्रयोगः सख्यं निषिद्धः अस्ति यदा एतादृशः उल्लङ्घनः ज्ञायते तदा न केवलं अपराधिनः व्यक्तिस्य विरुद्धं अपितु आयोजनस्य आयोजकानाम् अपि विरुद्धं उत्तरदायित्वं स्थापितं भविष्यति, तेषां विरुद्धं समुचितं कानूनी कार्यवाही आरब्धा भविष्यति आदेशः व्यक्तिभ्यः, संस्थाभ्यः, पशुपालकेभ्यः च निर्देशयति यत् ते स्वपशून् वीथिषु मुक्ततया न त्यजन्तु, न च मार्गेषु भ्रमितुं शक्नुवन्ति।

## खण्डितवान् अयं नवीनतमः विवादः पुनः तं शीर्षकपत्रेषु प्रविष्टवान्

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

स्वस्य मुक्तकण्ठशैल्याः कारणात् सा अपि बहुधा विवादानाम् केन्द्रे भवति। तस्य वक्तव्यैः समये समये राजनैतिकविमर्शाः उत्पन्नाः, तस्य व्यक्तिगतजीवनसम्बद्धाः आरोपाः अपि तस्य विरुद्धं कृताः-एताः दावाः सः निरन्तरं खण्डितवान् अयं नवीनतमः विवादः पुनः तं शीर्षकपत्रेषु प्रविष्टवान्, अमेरिकनराजनीत्यान्तर्गतं तादात्म्य, धर्मः, स्वतन्त्रवाक्यानां सीमाः इत्यादीनां विषयेषु नवीनविमर्शान् प्रज्वलितवान् एतादृशी वाक्पटुता आगामिषु दिनेषु राजनैतिकवातावरणं अधिकं प्रज्वलितुं शक्नोति इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते। एकतः एतत अभिव्यक्तिस्वातन्त्र्यस्य अभ्यासरूपेण दृश्यते, अपरतः तु राजनैतिकयोग्यतायाः, व्यक्तिगतगौरवस्य च उल्लङ्घनम् इति गृह्यते क्षणाय अयं सम्पूर्णः प्रकरणः अमेरिकनराजनीत्यान्तर्गतं कोलाहलं तीव्रं कृतवान्, तस्य पश्चात् कीदृशाः।

## राशिफल

**मेष** : आज काम बनते नजर आएंगे। ऑफिस में काम का दबाव रहेगा, लेकिन आप संभाल लोगे।

**वृषभ** : खर्च पर ध्यान रखना पड़ेगा, खासकर छोटी-छोटी चीजों में पैसा निकल सकता है। घर में सब सामान्य रहेगा।

**मिथुन** : आज स्वास्थ्य भी अच्छा है। आज बातों से काम बनेगा। हर बात पर तुरंत हां मत बोलो। पहले समझो, फिर जवाब दो।

**कर्क** : आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। काम चलता रहेगा, बस खुद को ज्यादा थकाओ मत।

**सिंह** : आज का दिन आपके कंट्रोल में रहेगा। बस दिखावे या जल्दबाजी में खर्च करने से बचना होगा।

**कन्या** : सीनियर का सपोर्ट मिलेगा। घर में भी माहौल ठीक रहेगा। दिन सीधा-सादा रहेगा, बिना ज्यादा उलझन के।

**तुला** : प्रोफेशनल लाइफ को बिजी और प्रोडक्टिव बनाए रखें। सेहत पर थोड़ा ध्यान देना पड़ेगा, खासकर खाने-पीने में।

**वृश्चिक** : मन शांत रहेगा और काम भी ठीक से होगा। ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं, जैसा चल रहा है वैसे चलने दें।

**धनु** : रिश्तों में भी चीजें धीरे-धीरे ठीक होंगी। दिन संतुलित रहेगा। बस पैसों को लेकर प्लान बनाकर चलें।

**मकर** : खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए कंट्रोल जरूरी है। किसी बात को लेकर ज्यादा न सोचें। पार्टनर पर स्नेह बरसाए।

**कुंभ** : छोटी यात्रा भी हो सकती है। काम और रिश्ते दोनों ठीक चलेंगे। बस जो मिल रहा है, उसे संभालकर रखें।

**मीन** : अच्छी कमाई हो सकती है। आज थोड़ा संभलकर रहना बेहतर है। काम चलता रहेगा, लेकिन उम्मीद ज्यादा न रखें।

## ज्योतिष/वास्तु

# 7 मई से इन राशि वालों के खुलेंगे तरक्की के रास्ते, मिलेगा धन लाभ

ज्योतिष के अनुसार, बुध का यह गोचर कुछ राशियों के लिए खास मौके लेकर आ रहा है। नए लोगों से संपर्क बढ़ेगा, करियर में ग्रोथ के रास्ते खुलेंगे और आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकती है। आइए जानते हैं किन राशियों के लिए यह समय लाभकारी रहने वाला है

7 मई 2026 को बुध ग्रह भरणी नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं। इस नक्षत्र के स्वामी विलासिता के कारक शुक्र देव माने जाते हैं। वहीं बुध व्यापार और संवाद को दशार्ते हैं। ऐसे में बुध का भरणी नक्षत्र में आने से इसका शुभ प्रभाव कुछ राशि वालों के जीवन पर दिखाई दे सकता है। इस दौरान जातकों



को करियर-कारोबार में वृद्धि, निवेश में अच्छे परिणाम व बेहतर निर्णय क्षमता मिल सकती हैं। यही नहीं आत्मविश्वास बढ़ेगा, नई चीजें सीखने की इच्छा जागेगी और जोखिम लेने का साहस भी देखने को मिल सकता है। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**कन्या राशि–** कन्या राशि वालों के लिए बुध का यह नक्षत्र परिवर्तन कल्याणकारी रहने वाला है। आपके सामने आगे बढ़ने के कई नए अवसर आएंगे। करियर में प्रगति के संकेत हैं। खास बात यह है कि, अगर आप लंबे समय से किसी काम में मेहनत कर रहे थे, तो अब उसका फल मिलने का समय आ गया है। आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिल सकता है। बिजनेस में अच्छा लाभ होता हुआ दिखाई देगा। घर में आपको नई जिम्मेदारियां भी मिल सकती हैं, जो भविष्य में आपको आगे बढ़ाएंगी।

**धनु राशि–** धनु राशि वालों के लिए यह समय बड़ा लाभ लेकर आ सकता है। व्यापार में कोई बड़ी डील या महत्वपूर्ण अवसर आपके हाथ लग सकता है। निवेश से भी अच्छा लाभ होता दिख रहा है और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कुछ नया सीखने और करने की इच्छा बढ़ेगी। परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। इस समय धनु राशि वालों को संतान से जुड़ी खुशखबरी मिलने के भी योग बन रहे हैं, जिससे घर में खुशी का माहौल रहेगा।

**मीन राशि–** मीन राशि वालों के लिए यह गोचर आर्थिक रूप से मजबूत करने वाला साबित हो सकता है। माना जा रहा है कि, आय के नए स्रोत बन सकते हैं और बचत में भी बढ़ोतरी के संकेत हैं। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और कार्यक्षेत्र में आपकी स्थिति मजबूत होगी। करियर-बिजनेस में नए तरह के अवसर मिल सकते हैं। आय के नए-नए स्रोत बन सकते हैं। आपके काम की सराहना होगी, जिससे आत्मविश्वास और भी बढ़ेगा।

## खबर एक नजर...

### होटल में कमरा लेने वाला निकला होमगार्ड जवान

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र की होटल पार्वती महाकाल में मंगलवार देर शाम हिन्दू नाम बताकर मुस्लिम युवक ने कमरा लिया। उसके साथ महिला भी थी। मामले की जानकारी लगने पर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे। होटल मैनेजमेंट से पूछताछ करने पर उसने बताया कि युवक ने अपना नाम धनसिंह बताया है। संगठन कार्यकर्ताओं ने धनसिंह को बुलाया और आधार कार्ड मांगा तो जावेद होना सामने आया। गलत नाम बताकर कमरा लेने वाले की सूचना होटल स्टॉफ की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। होटल की ओर से रामचंद पिता गणपत चौहान निवासी आदर्श राजीव नगर ने छलपूर्वक गलत नाम बताकर होटल कमरा लेने की शिकायत दर्ज कराई। प्रधान आरक्षक पियुष मिश्रा ने बताया कि मामले में आरोपित युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 319 (2) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि जावेद होमगार्ड जवान है। वहीं उसके साथ आई महिला हिन्दू संप्रदाय की थी।

### क्षिप्रा केबिन के आगे साबरमती ट्रेन से गिरा युवक

**उज्जैन।** क्षिप्रा केबिन के आगे ब्रिज के नीचे बुधवार शाम 5 बजे रेलवे ट्रेक पर घायल हालत में पड़े युवक की खबर मिलने पर केबिन मास्टर धीरज पंवार ने जीआरपी को सूचना दी। घटनास्थल पर सामने आया कि घायल साबरमती ट्रेन से गिरा है। जीआरपी के आने पर घटनास्थल चिंतामण थाना क्षेत्र का होना पाया गया। मामले की सूचना चिंतामण थाना पुलिस को दी गई और घायल को उपचार के लिये चरक अस्पताल भेजा गया। जिसका नाम महेश पिता शिवनारायण 32 साल निवासी मडावद राजगढ़ सामने आया। वह शराब के नशे में था। सिर में गंभीर चोंट होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। चिंतामण थाना पुलिस हालत में सुधार आने पर बयान दर्ज करेगी।

### शराब पीने से मना किया तो वृद्ध ने पीया कीटनाशक

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम बाढ़ कुम्मेद में रहने वाले मानसिंह पिता रामाजी 52 साल को बुधवार शाम चरक अस्पताल लाया गया। वृद्ध ने जहरीला कीटनाशक पिया था। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उपचार के लिये भर्ती किया। बताया जा रहा है कि मानसिंह शराब पीने का आदी है। परिवार ने उसे शराब पीने से मना किया, इसी बात से नाराज होकर उसने घर में रखा कीटनाशक गटक लिया। अस्पताल स्टॉफ के अनुसार मामले की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दी गई है। वैसे वृद्ध की हालत खतरे से बाहर है बावजूद डॉक्टरों की निगरानी में रखा गय है।

### बच्चों के विवाद में आधी रात को परिवार से मारपीट

**उज्जैन।** महिदपुर के ग्राम लसुडिया में रहने वाली तेजूबाई पति कनीराम और लखन के बच्चों में मंगलवार शाम विवाद हो गया था। कहासुनी के बाद मामला शांत हो गया था। लेकिन रात 1 बजे लखन अपने साथियों सोनू, सत्तू, कान्हा , लक्की और अन्य के साथ तेजूबाई के खेत स्थित मकान पर पहुंचा और लाठियों से हमला कर दिया। घटनाक्रम में तेजूबाई, उसका पुत्र नागेश्वर घायल हो गये। दोनों को उपचार के लिये महिदपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उज्जैन शासकीय चरक अस्पताल रैफर किया गया है। मामले में पुलिस घायल मां-बेटे के बयान दर्ज कर जांच शुरू करेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 568-9 | 168-5 |
| मेन बाजार | - | - |
| मिलन डे | 139-3 | 278-7 |
| मिलन नाइट | 190-0 | 246-2 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 8 | 9 |

### केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में हुआ था 13 करोड़ का गबन

# ईओडब्ल्यू की टीम ने खोली जीपीएफ घोटाले की फाइल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में 3 साल पहले उजागर हुआ 13 करोड़ से अधिक का जीपीएफ गबन देशभर की सुर्खियां बना था। अब उक्त गबन की फाईल ईओडब्ल्यू की टीम ने खोली है। जिसमें कुछ ओर नाम सामने आ सकते है। बुधवार को डीएसपी अमित कुमार वट्टी के मार्गदर्शन में 6 सदस्यों की टीम केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ पहुंची।



वर्ष 2023 मार्च माह में केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ और उससे जुड़ी उपजेलों में कर्मचारियों की जीपीएफ राशि में गबन का बड़ा खुलासा हुआ था। करीब 13 करोड़ से अधिक के गबन की पुलिस द्वारा जांच शुरू की गई थी। जिसमें जेल अधीक्षक रही उषाराजे, कर्मचारी रिपुदमनसिंह, शैलेन्द्रसिंह सिकरवार सहित अन्य को आरोपी बनाया गया था। सौ से अधिक कर्मचारियों की जीवनभर की कमाई का गबन करने वालों को जेल भी भेजा गया था। मामले में पुलिस न्यायालय में चालान भी प्रस्तुत कर चुकी है। लेकिन पुलिस की ओर से अब मामले की जांच ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) को सौंप दी गई। एसपी समर वर्मा के निर्देशन में ईओडब्ल्यू की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बुधवार को डीएसपी अमित कुमार 6 सदस्य टीम के साथ केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ पहुंचे थे। उन्होने जेल अधीक्षक मनोज साहू से मामले की जानकारी ली और कुछ जेलकर्मियों से पूछताछ की। करीब 2 घंटे तक ईओडब्ल्यू टीम जेल में जीपीएफ गबन से जुड़े मामलों की जानकारी प्राप्त करती रही। बताया जा रहा है कि टीम द्वारा पता लगाया जा रहा है कि कितने कर्मचारियों के साथ गबन हुआ था। कितने कर्मचारी अपराध में शामिल थे। अब तक कितने कर्मचारियों को उनके जीपीएफ खाते से निकाली गई राशि वापस मिली है। आरोपी बनाये गये कितने कर्मचारियों को जमानत मिल चुकी है। मामले से जुड़ी सभी जानकारी प्राप्त करने के बाद ईओडब्ल्यू की टीम अपनी जांच का दायरा बढ़ायेगी, जिसमें कुछ ओर नाम सामने आ सकते है जो जेल विभाग से जुड़े होने के साथ बाहरी भी हो सकते है।

#### जेल विभाग ने कराई थी विभागीय जांच

जेलकर्मियों के जीपीएफ गबन का मामला सामने आने पर जेल मुख्यालय की ओर से भी विभागीय जांच शुरू की गई थी। वहीं पुलिस ने भी गबन से जुड़े दस्तावेजों को जप्त किया था। विभागीय जांच में भी कुछ दोषियों की जानकारी सामने आने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई थी। पुलिस जांच में आरोपियों की संख्या 8 से 10 तक पहुंची थी। ईओडब्ल्यू की टीम विभागीय जांच की जानकारी भी प्राप्त करेगी। बताया जा रहा है कि गबन की जांच दोबारा से शुरू होने मामले से जुड़े आरोपियों और सामने नहीं आ सके लोगों की धड़कने तेज होने लगी है। मामला उजागर होने पर जेल अधीक्षक रही उषाराजे की बेटी भी मामले में शामिल पाई गई थी।

# खुद पर पेट्रोल डालकर युवक ने किया आत्मदाह

### परिवार के 4 सदस्य झुलसे, 3 साल की मासूम गंभीर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पारिवारिक विवाद में ससुराल में रहने वाले युवक ने बुधवार शाम पेट्रोल डालकर आत्मदाह कर लिया। उसे बचाने में परिवार के चार सदस्य झुलस गये। जिसमें 3 वर्षीय मासूम की हालत गंभीर है। झुलसे सदस्यों को उज्जैन लाया गया है।

नागदा के पाल्याखेड पर रहने वाला अनिल पिता कालूराम दम्मानी 19 साल का सालभर पहले बिरलाग्राम की इंद्रपुरी में रहने वाली तुन 16 साल से विवाह हुआ था। शादी के बाद ही अनिल अपने ससुराल में रहने आ गया था। बुधवार देर शाम अनिल बायपास मार्ग के पेट्रोल पंप पहुंचा और डीजल की बाल्टी लेकर घर लौट आया। जहां उसने खुद पर पेट्रोल डाला और आग लगा ली। उसे लपटों से घिर देख पत्नी तुन, मौसी के लड़के पवन की पत्नी सोनाबाई और सास कालीबाई पति कैलाश जैन ने बचाने का प्रयास किया। इस दौरान सोनाबाई की 3 वर्षीय पुत्री दिशा भी आग की चपेट में आ गई। भयावह घटना देख आसपास के लोगों ने बचाने का प्रयास शुरू किये। अनिल सौ प्रतिशत झुलस चुका था, जिसकी मौके पर मौत हो गई। मासूम दिशा 80 प्रतिशत से अधिक कालीबाई 20 प्रतिशत और सोनाबाई मामूली रूप से झुलसी है। जिन्हे उपचार के लिये उज्जैन रैफर किया गया है। बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मासूम की हालत चिंताजनक थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने वाला अनिल अपने साले की पत्नी से बातचीत करता रहा था, जिसको लेकर उसका पत्नी तनु से विवाद होता था। शाम को भी इसी बात पर विवाद हुआ था, जिसके बाद अनिल ने आत्मघाती कदम उठाया, जिसमें परिवार भी झुलसा है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में जांच की जा रही है। परिवार के बयान दर्ज किये जायेगें।

# तराना में खेत की मेड पर जुआरी लगा रहे थे दांव




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

निर्माणाधीन पानी की टंकी के पीछे खेत की मेड़ पर जुआ खेला जा रहा था। खबर मिलने पर पुलिस ने दबिश मारी। 7 जुआरियों को हिरासत में लेकर 37 हजार से अधिक की राशि और 6 मोबाइल जप्त किये गये।

तराना थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया को खबर मिली कि ग्राम सिद्धीपुर निपानिया फंटे के पास बन रही पानी के टंकी के पीछे खेत की मेड़ पर पेड़ के नीचे बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा है। थाना प्रभारी ने एसआई हरिराम अंगोरिया, रविन्द्र कटारे, एएसआई छोटेलाल चौहान, प्रधान आरक्षक मुकेश झाला, आरक्षक अमरदीप, अर्चित, कुलदीप, आनंद, शंकरसिंह, कृष्णवल्लभ शर्मा की टीम बनाकर रवाना की। जहां दबिश देने पर 7 जुआरी आफताब उर्फ गोलू पिता मोहम्मद युनुस 30 साल निवासी ग्राम जूना सोमवारिया उज्जैन, अरशद पिता हनीफ 57 साल निवासी महुपुरा शाजापुर, शाबिर पिता गफूर फकीर 36 साल निवासी ग्राम बैरागढ थाना सिविल लाईन देवास, इकबाल पिता सरदार36 साल, सलमान पिता अकबर 34 साल निवासी ग्राम बिछडोद थाना घट्टिया, अमरदीप पिता गुरुमीतसिंह 39 साल और निजाम पिता गफूर 47 साल निवासी देवास हिरासत में आ गये। जिनके पास से 6 एंड्रोइड मोबाइल और 36 हजार 750 रुपए नगद के साथ ताशपत्ती बरामद किये गये। सभी के खिलाफ 13 जुआ एक्ट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# नाबालिग रिश्तेदार ने चुराये थे लाखों के आभूषण, आधा माल बरामद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सुभाषनगर में 2 मई को चोरी की बड़ी वारदात होना सामने आया था। पुलिस ने चोरी में शामिल नाबालिग रिश्तेदार को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। नाबालिग के साथ हत्या का आरोपी रह चुका बदमाश भी शामिल था। जिससे पूछताछ जारी है।



नीलगंगा थाना एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि सुभाषनगर ओम रेसीडेंसी में रहने वाले इंजीनियर दंपति साक्षी पति देवेन्द्र राठौर के मकान में 2 मई को चोरी होना सामने आया था। साक्षी 18 अप्रैल को मंदसौर पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। पति बैंगलूर में इंजीनियर है। बदमाशों ने मकान की छत के रास्ते दरवाजा तोड़कर 1 लाख रुपए नगद और 8 से 10 लाख के आभूषण चोरी किये थे। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। कैमरों के फुटेज देखे गये थे। जिसमें आधार पर साक्षी राठौर के मामा का नाबालिग पुत्र चोरी में शामिल होना सामने आया। जो ओम रेसीडेंसी में ही निवास करता है। जिससे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपने साथी शशिकांत उर्फ गोलू पिता ताराचंद 30 साल हाथीपुरा के साथ मिलकर चोरी को अंजाम दिया था। एएसआई राठौर के अनुसार नाबालिग रिश्तेदार की निशानदेही पर 5 लाख के आभूषण और 32 हजार रुपए नगद बरामद किये गये है। जिसे बुधवार को न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है। उसके साथी शाशिकांत को बुधवार शाम हिरासत में लिया गया है। जिसे पूछताछ की चोरी के बाद आपस में बांटे गये आभूषण और नगदी बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। गुरूवार दोपहर दूसरे आरोपी को न्यायालय में पेश किया जायेगा। शाशिकांत वर्ष 2013 में हत्या का आरोपी रह चुका है। उसके खिलाफ 4 से 5 संगीन अपराध दर्ज है। दूसरे आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि नाबालिग को अपने रिश्तेदार के मकान में लाखों के आभूषण होने की जानकारी थी। 18 अप्रैल से बंद मकान में 27 अप्रैल की रात चोरी को अंजाम दिया गया था। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि एएसआई राठौर के साथ चंद दिनों में चोरी का खुलासा करने में आरक्षक कमल पटेल, दामोदर पटेल और बालकृष्ण का सहयोग रहा।

### सार्थक नगर चोरी के बदमाश गिरफ्त से दूर

2 मई को ही सार्थक नगर में जैन दंपति विनय और आंचल जैन के मकान में भी चोरी की बड़ी वारदात होना सामने आया था। जैन दंपति परिवार के साथ धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने राजस्थान गये हुये थे। उक्त मामले की जांच करते हुए नीलगंगा थाना पुलिस ने पाया था कि चोरी को बाइक से आये 2 बदमाशों ने अंजाम दिया है। जिनके फुटेज सामने आये थे। एक बदमाश ने हेलमेट लगा रखा था, दूसरे ने नकाब से चेहरा छुपाया था। दोनों का बुधवार रात तक सुराग नहीं मिल पाया था। चोरी का एक मामला थाना क्षेत्र की तिरुपति डायमंड कालोनी में 26 अप्रैल का है। उक्त मामले में नीलगंगा पुलिस को स्कूटी सवार 2 बदमाशों के फुटेज मिले है। दोनों बदमाशों ने इंजीनियर-शिक्षिका दंपति के मकान से करीब 40 लाख का माल चुराया था। दोनों बदमाश भी पुलिस गिरफ्त से दूर है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com